आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 244, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 14
स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 13

# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, हजारों फ्लाइट रद

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से उपजी समस्या, बैंक-अस्पताल व कॉर्पोरेट सेक्टर भी प्रभावित, लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी

लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा। भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है।


विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1390 को रद कर दिया गया है। साइबर संस्थान ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एएनजेड, वेस्टपैक, वीजा और ऑप्टस जैसे ऑस्ट्रेलियाई बैंकिंग और दूरसंचार संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण उनके सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मूल कारण को ठीक कर दिया गया है, हालांकि, कुछ माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं पर अभी भी समस्या है।



नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान होते यात्री। ● एजेंसी

### लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

**लखनऊ।** माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी की वजह से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। दो घंटे बाद तकनीकी समस्या दूर होने पर विमानों का संचालन शुरू किया गया लेकिन 12 उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित हुईं। इंडिगो की पांच उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया।वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आए थे।






### व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉर्ज कट्र्ज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। उन्होंने कहा कि क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं। मैक और लिनक्स होस्ट प्रभावित नहीं हैं।

### इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि इंडिगो को अपने क्लाउड सर्वर सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर प्रदाता द्वारा वैश्विक आउटेज का सामना करने के कारण वर्तमान में देरी और रद्दीकरण का सामना करना पड़ रहा है। इस आउटेज ने उड़ान संचालन, यात्री चेक-इन और बैगेज हैंडलिंग के लिए उपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रणालियों को प्रभावित करके एयरलाइन संचालन को गंभीर रूप से बाधित किया है।

### 10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा मामूली असर : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

### उड़ान संचालन के लिए उठाये जा रहे हैं कदम : नायडू

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में उड़ान सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न होने के बाद भारत में सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अभी-अभी हमारे सचिव (नागरिक उड्डयन) से बात की है। भारत में यात्रियों को परेशानियों से बचाने और सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर से मैनुअल सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। यदि कोई समस्या आती भी है तो उसे तुरंत दूर किया जायेगा और यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, 666.9 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 58.66 अरब डॉलर रहा।







## स्वामी और संघमित्रा को कोर्ट ने किया भगौड़ा घोषित, 27 अगस्त तक हों पेश

लखनऊ, विधि संवाददाता

कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ मुकदमा दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। कहा गया है कि संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया की संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर लिया। हालांकि बाद में जब उसे पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।



● संघमित्रा द्वारा कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने का मामला

### 50 हजार की रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

**बरेली।** थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को एंटी करप्शन की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने एक लाख रुपये मांगे थे।

## रजिस्ट्रेशन में वाहन स्वामी अपडेट करा सकेंगे मोबाइल नंबर

**लखनऊ।** वाहन स्वामियों की वाहन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, अगर किसी का मोबाइल नंबर वाहन रजिस्ट्रेशन में अपडेट नहीं है या गलत अंकित है तो वह विभाग की वेवसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर सही करा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को अपर परिवहन आयुक्त (आईटी-प्रवर्तन) एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा कर चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई से वाहन स्वामी खुद को अपडेट रख सकते हैं।

## असम 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांख्यिकीय नमूने के अनुसार असम में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत है।

2011 में असम में 1.4 करोड़ मुसलमान थे। 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में कुल मुस्लिम आबादी 1.07 करोड़ थी जो कुल 3.12 करोड़ निवासियों का 34.22 प्रतिशत थी। राज्य में 1.92 करोड़ हिंदू थे जो कुल आबादी का लगभग 61.47 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा हर 10 साल में असम में मुस्लिम आबादी 11 लाख बढ़ जाती है... यह हिमंत विश्व शर्मा का डेटा नहीं है, बल्कि भारतीय जनगणना का डेटा है। ये सभी प्रकाशित डेटा हैं। हिंदू समुदाय की आबादी हर 10 साल में लगभग 16 प्रतिशत बढ़ रही है।



● मुख्यमंत्री हिमंत का दावा- राज्य में तेजी से बढ़ रही आबादी

## ट्रेनी आईएएस पूजा के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

नई दिल्ली (एजेंसी)

यूपीएससी ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

यूपीएससी ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पाया गया है कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया है। इसके लिए उसने अपना नाम, पिता- माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर, फर्जी पहचान बनाकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया।

### मां से संबद्ध इंजीनियरिंग कंपनी सील

**पुणे।** पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम ने ट्रेनी आईएएस पूजा की मां द्वारा संपत्ति का बकाया नहीं चुकाने पर तलावडे क्षेत्र में स्थित बंद पड़ी कंपनी थर्मोवेरिटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सील कर दिया है। पूजा ने आरक्षण के तहत सिविल सेवाओं में चयन के लिए आवेदन करते समय अपने आवासीय पते के रूप में इंजीनियरिंग कंपनी का पता दिया था।

**पिता को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण :** यहां की एक सत्र अदालत ने पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर को 25 जुलाई तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है।

## राज्यपाल को छूट देने वाले प्रावधान की होगी समीक्षा

### पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 361 के उन प्रावधानों की समीक्षा करने पर शुक्रवार को सहमत हो गया जो राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया है।


राजभवन की महिला कर्मचारी ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल और दो मई को राज्यपाल के आवास में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल राजभवन की महिला की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। साथ ही अटॉर्नी जनरल आर. वेंकट रमणी से सहायता करने को कहा है। महिला का नाम न्यायिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई जांच ही न हो। सबूत एकत्र किए जाने चाहिए। राज्यपाल के पद छोड़ने तक इसे अनिश्चित काल के लिए टाला नहीं जा सकता। अनुच्छेद 361 के खंड दो के तहत राज्यपालों को दी गई छूट जांच पर रोक नहीं लगा सकती है। ऐसे मामलों की जांच में समय का बहुत महत्व है।



### राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी

पीठ ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा है कि याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के खंड (2) के तहत राज्यपाल को दिए गए संरक्षण के दायरे से संबंधित मुद्दा उठाया गया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के संरक्षण से संबंधित है। इसका खंड दो कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान किसी भी न्यायालय में उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी।



## एक नजर

### कारीगरों के साक्षात्कार की तिथियां घोषित

बदायूं,अमृत विचार : जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद के पारंपरिक कारीगरों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें टूलकिट वितरण की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए कारीगरों द्वारा आवेदन किया गया है। इनके साक्षात्कार को तिथि निर्धारित की है। ट्रेड दर्जी के 22 से 24 जुलाई, ट्रेड हलवाई को 28 जुलाई, लोहार, धोबी, बढई, कुम्हार, नाई एवं राजमिस्त्री के साक्षात्कार को 29 जुलाई निर्धारित की है।

### पशुपालन मंत्री आज करेंगे पौधरोपण

बदायूं,अमृत विचार : शनिवार को जिले भर में वृहद पौधरोपण होगा। मुख्य कार्यक्रम सहकारी चीनी मिल में आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि पशुधन, दुग्ध विकास, नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मपाल सिंह रहेंगे। उनके द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया जायेगा। इनके अलावा नोडल अधिकारी सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य रंजन कुमार भी मौजूद रहेंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों भी मौजूद रहकर पौधे लगाएंगे। इसके अलावा अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य स्थल पर मौजूद रहकर पौधा रोपण करेंगे।

### सोमवार को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

बदायूं,अमृत विचार : जिलाधिकारी डीएम निधि श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। शासन के निर्देश के क्रम में 20 जुलाई को वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत समाधान दिवस सोमवार 22 जुलाई को आयोजित होगा।

# तीन दशक बाद भी आवास विकास कालोनी नहीं बनी 'शहर'

## नगर पालिका में शामिल नहीं होने से व्याप्त हैं अव्यवस्थाएं, टूटी सड़कें, चोक नालियां लोगों की बढ़ा रहीं परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: आवास विकास कॉलोनी शहर की पॉश कालोनियों में शुमार है, लेकिन अभी 'शहर' की हिस्सा नहीं है। इन दिनों नरक बनी हुई है। टूटी सड़कें, चोक नाले-नालियां लोगों की परेशानी बढ़ा रहीं हैं। तीन दशक पूर्व अस्तित्व में आई कॉलोनी लावारिस है। कॉलोनी न ग्राम पंचायत और न ही नगर पालिका में शामिल है। हालांकि पांच साल पूर्व इसे नगर पालिका में शामिल करने के लिए कवायद शुरू हुई थी। परंतु यहां पर व्याप्त अव्यवस्थाएं रोड़ा बन गईं। इसके बाद से आज तक न जनप्रतिनिधियों और आवास विकास परिषद के अधिकारियों ने कॉलोनी को नगर पालिका में शामिल कराने के लिए प्रयास किए हैं।

वर्ष 1987 में आवास विकास कॉलोनी को 42 एकड़ में बसाया गया था। यह प्रथम फेज था। कॉलोनी को तीन हिस्सों ए, बी और सी ब्लॉक में बांट कर बसाया था। जिस समय कॉलोनी विकसित की गई थी। उस दौरान अच्छी सड़कें, अच्छा पथ प्रकाश और पानी व्यवस्था कॉलोनी की पहचान थी। सफाई कर्मचारियों के द्वारा नियमित सड़कों की सफाई होती थी। धीरे धीरे कॉलोनी अव्यवस्थाओं का शिकार होती चली गई। अब स्थिति यह है कि टूटी सड़कें, कीचड़ से चोक नाले नालियां इसकी पहचान बन गई हैं। आलम यह है कि कॉलोनी के मुख्य मार्ग में गहरे गड्ढे हो चुके हैं। बरसात के दौरान यह गड्ढे तालाब में तब्दील हो जाते हैं। कचरा उठाने की कोई व्यवस्था न होने की वजह से सड़कों के किनारे कचरे के ढेर लगे रहते हैं। जिनसे हर समय दुर्गंध निकलती रहती है। लोगों को मुंह पर कपड़ा रखकर निकलना पड़ता है। कॉलोनी की दुर्दशा हो चुकी है। इसकी दशा सुधारने के लिए न परिषद की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं और न ही नगर पालिका में शामिल किए जाने को लेकर कवायद हो रही है।


टूटा पड़ा आवास विकास कॉलोनी का मुख्य मार्ग। ● अमृत विचार


कॉलोनी की सडक पर लगा गंदगी का ढेर। ● अमृत विचार


कॉलोनी की सड़क पर बिखरी पड़ी गंदगी में भोजन की तलाश करते बंदर।


गंदगी की वजह से चोक पड़ी नाली। ● अमृत विचार

- पांच साल पूर्व नगर पालिका में शामिल करने को शुरू हुई थी कवायद
- वर्ष 1987 में विकसित हुई थी कॉलोनी, 42 एकड़ से अधिक भूमि पर बसा है प्रथम फेज

"कॉलोनी को नगर पालिका में शामिल करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। परंतु नगर पालिका का परिसीमन न होने की बात कहते हुए पालिका अध्यक्ष ने प्रस्ताव वापस भेज दिया। परिसीमन होने पर कॉलोनी पालिका में शामिल हो जाएगी। -**आशीष कुमार**, अवर अभियंता आवास विकास परिषद

"आवास विकास कॉलोनी को पालिका में शामिल होने संबंधी पत्रावली का अवलोकन करने के बाद ही पता चल सकेगा कि किस कारण कॉलोनी को शामिल नहीं किया गया। अगर प्रस्ताव शासन को भेजा गया होगा तो वहां से मंजूरी मिलने के बाद ही कॉलोनी को पालिका में शामिल किया जा सकेगा। -**अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी ईओ नगर पालिका

### 2018 में पालिका क्षेत्र में शामिल करने के हुए थे प्रयास

आवास विकास विभाग ने वर्ष 2018 में नगर पालिका परिषद को कॉलोनी अधीन करने का प्रस्ताव दिया था। पालिका की ओर से जब इस प्रस्ताव का अवलोकन किया गया तो यह जांच में अपूर्ण मिला जिससे प्रस्ताव वापस हो गया। प्रमुख सचिव नगर विकास ने नगर पालिका को तत्काल कॉलोनी को अधीन करने के आदेश जारी किए थे। परंतु आदेश को तत्कालीन पालिका चेयरमैन ने यह कहते हुए नकार दिया कि आवास विकास विभाग के पास कॉलोनी के विकास के लिए तकरीबन चार करोड़ रुपये हैं। उन रुपयों से कॉलोनी का विकास कर व्याप्त समस्याएं दूर हो सकती हैं। विभाग की ओर पूर्व में जो प्रस्ताव भेजा गया था उसमें कई त्रुटियां पाई गई थीं। इसके बाद से कॉलोनी को नगर पालिका में शामिल करने की कवायद ठंडे बस्ते में चली गई।

### परिषद ने की जल्दबाजी, हटा दिए थे सफाई कर्मचारी

नगर पालिका द्वारा वापस भेजी गई पत्रावलियों पर आवास विकास परिषद ने न उन्हें पूर्ण करने का प्रयास किया और न ही शासन स्तर पर प्रयास किए गए। बल्कि परिषद के अधिकारियों ने प्रस्ताव देने के तुरंत बाद ही अपने सफाई कर्मचारियों का गैर जनपद स्थानांतरण कर दिया। जिसके बाद से कॉलोनी को अनियमितताओं ने घेर लिया। नियमित रूप से सफाई ने होने से कॉलोनी भीषण गंदगी चपेट में है। तब से लेकर अब तक कॉलोनीवासी नारकीय जीवन जी रहे हैं।

## दो केंद्रों पर आज होगी इंप्रूवमेंट कंपार्टमेंट परीक्षा

बदायूं,अमृत विचार: जिले के दो केंद्रों पर इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट की परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसकी पूरी तैयारी हो गई है। कंपार्टमेंट परीक्षा भी मुख्य परीक्षा की भांति सीसीटीवी और वॉयस रिकॉर्डर की निगरानी में होगी। दो पालियों में होने वाले परीक्षा में हाई स्कूल इंटरमीडिएट के 519 छात्र छात्राएं बैठेंगे। उन्हें संघन तलाशी के बाद केंद्र के अंदर प्रवेश दिया जाएगा।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा देने का मौका दिया जाता है। बोर्ड का रिजल्ट घोषित होने के बाद परीक्षा के लिए आवेदन किया गया था। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 20 जुलाई को परीक्षा की तिथि तय की गई है। परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में हाई स्कूल इंटरमीडिएट के 518 विद्यार्थी शामिल होंगे। इनमें 218 इंटर और 297 हाई स्कूल के विद्यार्थी शामिल हैं। हाई की परीक्षा शुक्रवार की सुबह राजकीय इंटर कॉलेज और इंटरमीडिएट की परीक्षा शाम की पाली में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में होगी। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नकल विहीन परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए पर्यवेक्षक नामित कर दिए गए हैं।

# मंडी समिति गेट पर पुलिया बनकर तैयार, जल्द शुरू होगा आवागमन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिछले 25 दिन से बंद था यातायात परेशान रहे वाहन चालक
- एप्रोच मार्ग बनने के बाद शुरू हो जाएगा उसहैत रोड पर यातायात

अमृत विचार : उसहैत रोड स्थित मंडी समिति गेट पर पच्चीस दिन से बन रही पुलिया अब तैयार हो गई है। लेकिन अभी पुलिया का एप्रोच मार्ग बनना शेष है। एप्रोच मार्ग बनने के बाद उसहैत ककराला रोड पर पहले की तरह फिर से वाहन दौड़ने लगेंगे।

शहर के पानी के निकास को लोक निर्माण विभाग ने हाइडिल से लेकर मंडी समिति तक नाला निर्माण कराया है। नाले का पानी पुलिया से निकाल कर फर्रूखाबाद रोड स्थित नाले में ले जाया जाएगा इसलिए मंडी गेट से कटे उसहैत रोड पर पच्चीस दिन पहले पुलिया का निर्माण किया गया था। पुलिया का निर्माण होने से उसहैत और ककराला रोड पर आने जाने वाहनों को भारी दिक्कत हो रही है। यह वाहन फर्रुखाबाद रोड से होकर आगे से उसहैत रोड पर आते हैं। तब आगे निकलते हैं। उधर से आने वाले वाहनों को भी चक्कर लगा कर शहर में दाखिल होना पड़ रहा है। पच्चीस दिन से बन रही पुलिया अब पूरी तरह बन कर तैयार है। पुलिया के दोनों ओर एप्रोच मार्ग बनना है। एप्रोच मार्ग बनने के बाद उसहैत ककराला रोड पर वाहन फिर से दौड़ने लगेंगे। ंडी समिति के आस पास दुकानदारों का कहना है कि बारिश के दिनों में यहां पर सबसे अधिक परेशानी हुयी। दोनो रोडों के बीच में कच्ची मिट्टी होने से दल दल बन गया था। इसी दलदल में कई वाहन चालक गिर गये। कई लोग चोटिल हो गये। कई वाहनों को बमुश्किल निकाला गया।


मंडी समिति पर तैयार की गई पुलिया।

## प्रधानमंत्री से शिकायत के बाद दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

विजय नगला,अमृत विचार : बिनावर थाना क्षेत्र के गांव बिलहत निवासी प्रियंका पुत्री बबलू ने प्रधानमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर बताया था कि उनकी शादी 9 दिसंबर 2020 को थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव बनकोटा निवासी सुनील कुमार के साथ हुई थी। पिता ने पांच लाख रुपये का दहेज देने के अलावा और भी खर्चा किया था। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही सुनील कुमार, सास वीरेश देवी, देवर सुशील ने कम दहेज का ताना मारना शुरू कर दिया और कार की मांग करनी शुरू कर दी। उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। महिला को कई बार घर से निकाला। 21 अप्रैल 2022 को पांच महीने की गर्भवती महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# बदला मौसम का मिजाज, आसमान में छाए बादल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भारी बारिश का अनुमान, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट
- पिछले कई दिनों से उमेश भरी गर्मी से परेशान थे लोग

अमृत विचार: मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। बीते कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बारिश होने की संभावना बन गई है। प्रशासन की ओर से भी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहे, परंतु बिन बरसे ही चले गए। हालांकि इस दौरान ठंडी हवाएं चलीं। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत रही। वहीं मौसम में ठंडक होने के बाद भी अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

शुक्रवार की सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। काले बादलों को देखकर लोग बारिश का अंदेशा जता रहे थे। सुबह करीब आठ बजे बूंदाबांदी शुरू हुई। लेकिन कुछ मिनटों के बाद बंद हो गई। करीब नौ बजे प्रशासन की ओर से तेज हवाएं और भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट किया गया। साथ ही बारिश से बचाव की चेतावनी दी गई। दो घंटे बाद बूंदाबांदी फिर से शुरू हो गई। जिसकी वजह से मौसम सुहाना हो गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। कुछ देर के बाद बूंदाबांदी रुक गई। इसके बाद मौसम साफ होने लगा। चल रही तेज हवाएं बादलों को अपने साथ बहा ले गईं। बादलों के गायब होने से लोगों को बारिश न होने से निराशा हुई। फिर से उमस भरी गर्मी लोगों को सताने लगी। इधर कृषि विभाग ने शनिवार को बारिश होने का अंदेशा व्यक्त किया है। कृषि अधिकारियों के अनुसार हल्की या तेज बारिश हो सकती है। मौसम में ठंडक होने के बाद भी दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।


शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदलने से आसमान में छाए बादल।

# शनिवार और सोमवार को बंद रहेंगे कक्षा एक से 12 तक के स्कूल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सावन के महीने में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर बीएसए ने जारी किया निर्देश
- आज विद्यालय जाएगा पूरा स्टाफ, परिसर में करेगा पौधरोपण

अमृत विचार: श्रावण माह को लेकर शिक्षा अधिकारियों ने कक्षा एक 12 तक परिषदीय, सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त व माध्यमिक स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। सावन के महीने में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर बीएसए ने निर्देश जारी किए हैं। साथ ही 20 जुलाई को होने वाले पौधा रोपण अभियान में शिक्षकों और कर्मचारियों को उपस्थित रहने के आदेश दिए हैं।

श्रावण मास के दौरान जिले सहित अन्य जनपदों के कांवड़ियों का कछला गंगा घाट पर आना जाना जारी रहेगा। इसके लिए कछला रोड पर भारी वाहनों के आवागमन को डीएम निधि श्रीवास्तव ने प्रतिबंधित करते हुए रुट डायवर्ट कर दिया है। रूट डायवर्ट होने की वजह से शिक्षकों और बच्चों को स्कूल आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति बनने पर डीएम के आदेश पर बीएसए वीरेंद्र कुमार तथा डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त तथा माध्यमिक के सभी विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक में शनिवार और सोमवार को अवकाश घोषित किया है। श्रावण मास में प्रत्येक शनिवार व सोमवार को स्कूल बंद रहेंगे।

### शिक्षकों ने अवकाश की मांग कर सौंपा ज्ञापन

कांवड़ यात्रा की वजह से शुक्रवार से सोमवार तक आवागमन में दिक्कत होने का मुद्दा उठाते हुए शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पवित्र श्रावण मास में प्रत्येक शनिवार और सोमवार के लिए अवकाश घोषित करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अरुण पांडे के साथ प्रेमानंद शर्मा, फरहत हुसैन, सुरेंद्र सिंह, किरन सिंह, प्रतीक दुबे, हरीश दिनकर, राजन यादव आदि मौजूद रहे।

## पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया विषाक्त पदार्थ

बदायूं, अमृत विचार : पति से विवाद के बाद पत्नी ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने बरेली रेफर कर दिया। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रियंका का पति नवनीत के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे परेशान होकर महिला ने शुक्रवार को घर पर रखा विषाक्त पदार्थ खाकर जान देनी की कोशिश की।

# जयमाला पर दुल्हन की तबीयत बिगड़ी तो वापस लौटी बरात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दुल्हन के परिजनों ने दूल्हा पक्ष के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर
- शादी समारोह के दौरान गर्मी से खराब हो गई थी दुल्हन की हालत

अमृत विचार : जयमाला के दौरान गर्मी ज्यादा होने के चलते एक दुल्हन की तबीयत खराब हो गई। वह अचानक गिर गई। जिसके चलते उसकी बारात वापस लौट गई। दुल्हन के परिजनों ने दूल्हा पक्ष के खिलाफ तहरीर दी है।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव भोयस की मढ़ैया निवासी महाराम पुत्र जीवराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी तारावती की शादी जिला बुलंदशहर के थाना अनूपशहर क्षेत्र के गांव लक्षमपुर निवासी मोहित पुत्र महेंद्र के साथ हुई थी। दान दहेज का पूरा सामान और 5100 रुपये नगद दिए थे। 13 जुलाई को दूल्हा पक्ष बारात लेकर आया था। उन्होंने बारात का स्वागत किया और खाना खिलाया। जयमाला और अन्य रस्में अदा की जा रही थीं। इसी दौरान ज्यादा गर्मी होने की वजह से उनकी बेटी की तबीयत खराब हो गई। वह तुरंत अपने बेटी को दवा दिलाने के लिए चले गए।

आरोप है कि इसके चलते मोहित, सूरज, महेंद्र व सोनू बारात लेकर वापस लौट गए। वह जब बेटी को दवा दिलाकर लौटे तो बारात वापस जाने की जानकारी हुई। तो वह गांव लक्षमपुर में मोहित के घर गए। तो उन लोगों ने गाली-गलौज करके और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। वह वापस आ गए और पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर बेचकर घर में रखे रुपये चोरों ने उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पीड़ित किसान की पत्नी ने की है एक चोर की पहचान, पुलिस संदिग्ध मान कर रही जांच

अमृत विचार : थाना अलापुर क्षेत्र के गांव अठर्रा कुनिया में चोरों ने किसान के घर को निशाना बनाया। किसान के ट्रैक्टर बेचकर घर पर रखे सवा सात लाख रुपये समेत दस लाख की चोरी कर ली। सुबह जाग होने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। पुलिस को सूचना दी।

गांव निवासी राजीव और उनका पूरा परिवार गुरुवार रात खाना खाकर सो गया था। रात में किसी समय चोर उनके घर में घुस आए। कमरे में बक्से का ताला तोड़ दिया। नगदी, सोने-चांदी के आभूषण आदि चोरी करके ले गए। शुक्रवार सुबह चोरी की जानकारी हुई। राजीव ने बताया कि उन्होंने प्लाट खरीदने के लिए अपना ट्रैक्टर बेचा था। जिसके सवा सात लाख रुपये घर पर रखे थे। इसके अलावा पहले से ही 80 हजार रुपये और रखे थे। उन्होंने बताया कि चोरी करने के बाद चोर जा रहे थे तो उनकी पत्नी ने चोर को देखा था। उसे पहचान लिया है। इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

कांवड़ यात्रा | कांवड़ियों की सहायता को बनाए गए केंद्रों पर देखीं व्यवस्थाएं

# अफसरों ने कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण

कार्याय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके द्वारा कावंड मार्ग पर बनाए गए पुलिस सहायता केंद्रों पर पहुंचकर स्थिति देखी गई। कछला घाट पर अधिकारियों के साथ बैठक कर उचित दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कल्याण चौक उझानी, दहेमू उझानी व कछला पुलिस चौकी के समीप अस्थाई तौर पर बनाए गए पुलिस सहायता केंद्रो का निरीक्षण किया। वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद कछला घाट पर पहुंचकर संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एंबुलेंस, स्वास्थ्य सहायता केंद्र व स्वास्थ्य उपचार हेतु सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग के अभियन्ता को विद्युत के तार ऊंचे करने, निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने व विद्युत लाइन को दुरुस्त करने के आदेश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कावंड मार्ग में गौवंश न आने को लेकर आदेशित किया गया। कहा कि निराश्रित गौवंशों को गौ संरक्षण केंद्र में संरक्षित किया जाए। ताकि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाए। डीएम ने कछला ईओ, एसडीएम व पंचायत अध्यक्ष को घाट पर सुरक्षा के इंतजाम करने को कहा।



कछला गंगा घाट पर एडीएम प्रशासन रेनू सिंह के साथ निरीक्षण करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव।

### डीएम ने नामित किए मजिस्ट्रेट

गुरु पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। इसको लेकर जिला मजिस्ट्रेट निधि श्रीवास्तव मजिस्ट्रेट नामित किए हैं। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा को कछला घाट बदायूं की ओर, तहसीलदार सदर सुरेन्द्र कुमार को कछला घाट कासगंज की ओर, तहसील सदर के नायब तहसीलदार हेमराज सिंह बोनाल को कछला पुल पर, उप जिला मजिस्ट्रेट दातागंज धर्मेन्द्र कुमार सिंह को अटेना घाट थाना उसहैत पर, तहसीलदार दातागंज रवीन्द्र प्रताप सिंह को भुंडी घाट, नायब तहसीलदार तहसील दातागंज छविराम को बेला डांडी घाट पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के आदेश दिए हैं।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly
Registration Free
ADMISSION OPEN
FOR SESSION 2024-25
BUS FACILITY AVAILABLE
M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Zoology)
M.Com.
M.A. (Education, Geography, Political Science, Eng. Lit.)
P.G.D.C.A.
B.Ed.
B.Sc.(PCM/ZBC)
B.A.
B.B.A.
B.C.A.
B.Sc. (Home Science)
B.Com.
B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने उपकेंद्र घेरा, हंगामा

## बिजली न मिलने से नहीं लगा पा रहे धान की पौध, सूख रही हैं फसलें, किसानों में पनपा आक्रोश

- ग्रामीणों ने कहा- अब शहर में जाकर करेंगे धरना प्रदर्शन
- हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शांत कराए ग्रामीण

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** वर्तमान में खेतों पर धान की पौध की रोपाई का काम चल रहा है। जिसके लिए पानी की जरूरत है। फसल की सिंचाई की जानी है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में रोस्टर के हिसाब से बिजली न मिलने की वजह से किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत करने पर बिजली विभाग के कर्मचारी आश्वासन देते हैं, लेकिन सुधार नहीं हो रहा। जिसके चलते किसानों ने बिनावर के उपकेंद्र का घेराव किया। प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने किसानों को समझाकर जैसे-तैसे शांत कराकर भेज दिया।

बिनावर के उपकेंद्र से क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही 104 गांवों को बिजली की आपूर्ति की जाती है। कुछ दिनों से बिजली की कटौती लगातार की जा रही है। जिससे परेशान होकर गांव सिकरोड़ी, अहिरवारा, करतोली, मोहम्मदी, बरखेड़ा, नरखेड़ा, विजय नगला आदि के ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्राली से शुक्रवार को बिनावर उपकेंद्र पर पहुंच गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि सरकार 24 घंटे बिजली देने की बात कह रही है लेकिन यहां तो दो से तीन घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जिसकी वजह से गांवों में अंधेरा पड़ा रहता है। खेत में पानी न होने की वजह से किसान धान की पौध की रोपाई नहीं कर पा रहे। जिन किसानों ने पौध रोपी है वह फसल को पानी नहीं दे पा रहे। गांवों में कई घरों पर पेयजल का संकट रहता है। बताया कि कुछ दिन पहले आई आंधी में गांव करतोली में गजराज के मकान के सामने पोल टूटकर उनके घर पर गिर गया था। लगातार शिकायत करने के बाद भी पोल नहीं बदला गया है। जिससे पूरे गांव में अंधेरा छाया रहता है। ग्रामीणों के एकत्र होने की सूचना पर बिनावर से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। किसानों से शांति बनाए रखने का आह्वान किया। किसान मान गए और वहां से जाने लगे लेकिन चेतावनी दी कि अगर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो वह बदायूं शहर आकर प्रदर्शन करेंगे। अमन सिंह, अवधेश कश्यप, वीरपाल सिंह, मुन्नालाल, जगदीश, आसाराम, प्रेमपाल, रविंद्र, वीरेंद्र कुमार, रामनिवास, भूपराम, राजेश सिंह, नाथू सिंह, पप्पू सैफी, सत्यवीर सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


उपकेंद्र घेराव के दौरान मौजूद विभिन्न गांवों के ग्रामीण। ● अमृत विचार


ग्रामीणों के प्रदर्शन के दौरान मौजूद थाना बिनावर के पुलिसकर्मी।

### बिजली कटौती के साथ आंख मिचौली ने किया परेशान

**बदायूं, अमृत विचार :** अघोषित कटौती और आंख मिचौली से होने वाली परेशानी से आजिज आ चुके लोगों ने जिला प्रशासन की लापरवाही का नतीजा बताया है। बिजली कटौती से शहर की घनी आबादी वाले मोहल्लों में लोग उबल रहे हैं, फिर भी विभाग सुनने को तैयार नहीं है। पिछले काफी समय से जिले भर में बिजली संकट बना हुआ है। लोग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। हंगामा हो रहा है। लेकिन बिजली विभाग ने आंखों पर पट्टी बांध ली है। शहर में हर रोज दो से तीन घंटे की कटौती हो रही है। अघोषित कटौती से सबसे अधिक परेशानी घनी आबादी वाले मोहल्लों को हो रही है। घनी आबादी वाला मोहल्ला नई सराय नई बस्ती में लोग गर्मी और उमस से उबल रहे हैं। भारी गर्मी में दो दो घंटे बिजली गुल हो रही है। मोहल्ले वालों का कहना है कि कई लोग पनबड़िया बिजली घर पर गए, वहां बिजली कटौती की समस्या के बारे में बताया गया लेकिन कोई हल नहीं निकला। र को शहवाजपुर, नई सराय, टिकट गंज पथिक चौक, सागर ताल इलाके में सुबह आठ बजे से लेकर दस बजे तक बिजली गुल रही।


सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कह रही है लेकिन यहां तो बिजली न मिलने पर धान की पौध की रोपाई नहीं हो पा रही। बिजली आपूर्ति के लिए विभाग सरकार के आदेश की भी अवहेलना कर रहा है। अगर समस्या का जल्द निस्तारण नहीं किया गया तो जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। **- सुरेश चंद्र गुप्ता**, जिला महासचिव, भाकियू टिकैत गुट


बिजली की समस्या जिला प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। इतना शोर शराबा होने के बाद भी बिजली सुचारू रूप से नहीं मिल रही है। बिजली विभाग पूरी तरह मनमानी कर रहा है। उस पर किसी का अंकुश नहीं है। लोग गर्मी में मर रहे हैं। विभागीय अधिकारी कर्मचारी शिकायतों को भी नहीं सुन रहे हैं। **-अहमद अमजदी**, युवा शायर

कहीं कहीं तारों में फाल्ट होने से दिक्कत आ रही है। इसी वजह से ट्रिपिंग हो रही है। जहां शिकायत मिलती है उन क्षेत्रों में लाइनें ठीक की जाती हैं। कुछ मोहल्लों में अभी लाइन ठीक नहीं हो सकी हैं जिससे ट्रिपिंग और कटौती की शिकायत मिल रही हैं। विभाग मुस्तैदी के साथ काम कर रहा है
**-संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम


बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण गांवों में पेयजल संकट है। ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। खेतों पर धान की पौध की रोपाई भी नहीं कर पा रहे हैं। **-अमन सिंह**,


प्रदेश सरकार किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की बात कर रही है। जिससे किसानों की आय दोगुनी हो लेकिन यहां तो मात्र दो से तीन घंटे ही बिजली मिल पा रही है। **-अवधेश कश्यप**


पिछले दिनों आई आंधी में गांव का खंभा टूट गया था। कई बार शिकायत करने के बाद भी खंभा नहीं बदला गया है। जिससे गांव में अंधेरा छाया रहता है। **-वीरपाल सिंह**


नई सराय में दस दिन से बिजली की समस्या बनी है। दो तीन घंटे को हर रोज बिजली गुल होती है। पूरे क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी है। लोगों ने बिजली घर पर हंगामा किया। शिकायती पत्र दिया फिर भी किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। **-रफी उद्दीन**, सभासद पति

## एक नजर

### बुजुर्ग महिला को पीटने का वीडियो वायरल

फैजगंज बेहटा, अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा के वार्ड चार का एक वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ है। जिसमें कुछ लोग बुजुर्ग महिला से मारपीट कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। युवक की पिटाई से बुजुर्ग महिला जमीन पर गिर गई। आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने हुए हैं। किसी ने घटना की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। प्रभारी निरीक्षक जवाहर लाल वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। बुजुर्ग महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# फंदे पर लटका मिला किशोर का शव

संवाददाता, म्याऊं

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैजनी निवासी किशोर का शव फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

गांव सैजनी निवासी हिमांशु (17) पुत्र संजू शर्मा के पिता संजू शर्मा जिला शाहजहांपुर के गांव जरियनपुर के एक आश्रम व मंदिर में पुजारी हैं।

हिमांशु भी पिता के साथ मंदिर में पूजा पाठ और महंत का काम करता था। उनकी मां सीमा शर्मा बुधवार को अपने मायके जिला फर्रुखाबाद के गांव अमलईया आसनान गई थीं। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को हिमांशु घर पर अकेला था। सुबह वह राशन कार्ड के लिए केवाइसी कराने के लिए गया। दोपहर में घर आने के बाद भैंस को चारा डाला। दोपहर लगभग दो बजे हिमांशु का शव उसकी बहन के कमरे में लटका मिला। परिजनों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। हिमांशु का एक पैर चारपाई और दूसरा पैर जमीन पर लगा था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


गांव सैजनी में किशोर का शव मिलने के बाद एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

### भाई की मौत की सूचना पर पहुंची बहन ने दम तोड़ा

**बदायूं अमृत विचार :** भाई की बीमारी से मौत की सूचना पर उसकी बहन गश खाकर गिर गई। परिजन भाई-बहन के शव राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां चिकित्सक ने दोनों की मौत की पुष्टि कर दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव दफन कर दिए। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बनगढ़ निवासी हनीफ (45) की गुरुवार शाम बीमारी से मौत हो गई। सूचना मिलने पर कस्बा कुंवरगांव निवासी उनकी बहन जायदा पत्नी इदरीश गांव पहुंचीं। भाई का शव देखकर वह बेसुध होकर गश खाकर जमीन पर गिर गईं। परिजन दोनों भाई-बहनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां चिकित्सक ने भाई-बहनों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ दोनों की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शुक्रवार सुबह भाई-बहन के शव दफन कर दिए। पुलिस को किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गई है।


विद्युत कर्मियों के हमले में घायल पत्रकार

## बिजली कर्मियों ने किया पत्रकार पर हमला, तहरीर दी

**बिसौली, अमृत विचार :** बिजली घर पर ग्रामीणों द्वारा किये गए प्रदर्शन के दौरान लाइनमैन के कमरे में पड़ी शराब की बोतलों का वीडियो दिखाने व खबर प्रकाशित करने से बौखलाए लाइनमैन ने अपने साथियों के साथ पत्रकार पर हमला बोल दिया। घायल पत्रकार ने पुलिस को तहरीर दी है।

नगर में लगातार बिजली कटौती हो रही थी। जिससे नगर के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने बिजली घर पर प्रदर्शन किया था। लाइनमैन के कमरे में शराब की बोतलें पड़ी मिलीं। इन बोतलों का वीडियो बना कर एक पत्रकार ने खबर प्रकाशित की। खबर प्रकाशित होने से बौखलाए लाइनमैन और उसके साथियों ने पत्रकार अखिलेश मिश्र पर हमला बोल दिया।

# तीन हादसों में दो युवकों की मौत, तीन घायल

संवाददाता, ओरछी/सहसवान

**अमृत विचार :** जिले के सहसवान, फैजगंज बेहटा और बिनावर क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर दोनों शव परिजनों को सौंप दिए। जवान मौतों से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

फैजगंज बेहटा के वार्ड पांच निवासी शिवकुमार कोरी (23) पुत्र प्रेमशंकर कोरी शादी समारोह में लाइट की फिटिंग का काम करता था। गुरुवार रात वह खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहा था। युवक ने अपने परिजनों से सिगरेट पीने जाने की बात कही और बाइक लेकर ढाबे की ओर चला गया। देर रात बाइक से वापस लौटते समय थाना फैजगंज बेहटा के पास किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। एंबुलेंस से घायल को आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर जवाहर लाल वर्मा ने बताया वाहन का पता लगाया जा रहा है।

वहीं दूसरा हादसा 17 जुलाई को कोतवाली सहसवान क्षेत्र के अकबराबाद चौराहे पर हुआ। सहसवान के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी सुनील (25) पुत्र जसपाल सब्जी बेचने के लिए साइकिल से मंडी समिति जा रहा था। अकबराबाद चौराहे पर पिकअप ने सुनील की साइकिल को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायल को बरेली रेफर कर दिया। बरेली के निजी अस्पताल में गुरुवार की रात युवक की मौत हो गई।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद शिवकुमार कोरी के परिजन। ● अमृत विचार


बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव पौ गौटिया के पास हुआ हादसा।

- कोतवाली सहसवान, फैजगंज बेहटा और बिनावर क्षेत्र में हुए हादसे, परिजनों में कोहराम


मृतक सुनील।


मृतक शिवकुमार कोरी।

### बिनावर के पास ट्राली में घुसी कार, तीन घायल

**विजय नगला ।** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पौ गौटिया के पास शुक्रवार सुबह ईको कार सड़क किनारे खड़ी ट्राली में जा घुसी। हादसे में कार चालक समेत उसमें बैठे लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। शुक्रवार सुबह सवारियों को बैठाकर ईको कार बदायूं की ओर जा रही थी। कार की रफ्तार ज्यादा थी। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पौ गौटिया के पास कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी ट्राली में जा घुसी। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में छह कार सवार घायल हो गए। कार चालक बरेली निवासी संतोष, थाना मूसाझाग क्षेत्र निवासी अनिल व रामगोपाल की हालत गंभीर थी। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को बरेली भेजा। संतोष और रामगोपाल की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में मामूली रूप से घायल मरहम पट्टी कराकर गंतव्य को रवाना हो गए।

## अस्थाई गोशाला की हालत खराब, हो रही गायों की मौत

**कुंवर गांव, अमृत विचार:** सलारपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भटौली में बनी अस्थाई गौशाला दुर्दशा का शिकार है। जिसमें संरक्षित गाय बीमार हैं। कई की मौत भी हो चुकी हैं। गौशाला के केयर टेकर ने डीएम को पत्र भेजकर गौशाला की हालत से अवगत कराया है। केयरटेकर रनवीर सिंह पुत्र बच्चू सिंह ने शुक्रवार को डीएम को पत्र भेजकर गौशाला की दुर्दशा से अवगत कराया है। कहा कि गौशाला में बिजली पानी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। हरा चारा भी गायों को उपलब्ध नहीं हो रहा है। गाय सूखा भूसा खा रही हैं। कई गाय बीमार हैं। भूख प्यास से तड़प कर कई की मौतें हो चकी हैं। डीएम से गौशाला का निरीक्षण करने की मांग की है।

# किराये पर लगवाने को लीं कारें गिरवीं रखीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गंगा एक्सप्रेस-वे में लगवाने का दिया झांसा, चंदौसी पुलिस ने की छापामारी, 16 गाड़ियां बरामद

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे में किराए पर कार लगवाने के नाम पर कोतवाली बिसौली क्षेत्र के कुछ लोगों जिला संभल के कस्बा चंदौसी निवासी लोगों से धोखाधड़ी की। उनकी कारें किराए पर नहीं लगवाईं और कस्बा बिसौली के लोगों पर गिरवी रख दीं। शिकायत मिलने पर चंदौसी पुलिस ने छापामारी की। एक-एक करके 16 कारें बरामद कर लीं। अन्य कारों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अभी कुछ भी बोलने से कतरा रही है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक होटल के ठेकेदार और उसके भाई ने क्षेत्र में अफवाह फैलाई कि निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कारों की आवश्यकता है। जिसके एवज में हर महीने अच्छा किराया मिलेगा। बिसौली के अलावा चंदौसी के कुछ लोग उनके झांसे में आ गए।

उन्होंने अपनी-अपने कारें ठेकेदार, उसके भाई व उसके परिचितों को दे दीं। कारें लेने के बाद अफवाह फैलाने वाले ठेकेदार ने उन कारों को लोगों के पास गिरवी रखकर रुपये ले लिए। वहीं कार के मालिकों को इस बात की जानकारी थी कि उनकी कार अधिकारी के लिए लगी हैं। चंदौसी के लोगों को अंदेशा हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। तो वह कोतवाली बिसौली क्षेत्र के होटल पहुंचे। ठेकेदार का इंतजार किया। ठेकेदार को भनक लग गई। उसने खुद आने की बजाय अपने भाई अमित को होटल पर भेजा। अमित से उन लोगों की झड़प हुई। वह लोग अमित को कार में बैठाकर ले गए और चंदौसी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उससे पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने बिसौली क्षेत्र में छापामारी की। ठेकेदार की तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। कुछ लोगों को पकड़ा। पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। चंदौसी पुलिस ने 16 गाड़ियां बरामद कर ली हैं। वहां की पुलिस बिसौली में डेरा जमाए है। पुलिस इस मामले में कुछ स्पष्ट नहीं कर रही है। बिसौली इंस्पेक्टर ब्रजेश सिंह ने बताया कि इस संबंध में सूचना नहीं मिली है।

## मकान गिरने से तीन महिलाएं दबीं, अस्पताल में भर्ती

**दातागंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खरसाई में शुक्रवार सुबह चार बजे एक पक्का मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। जिसमें तीन महिलाएं मलबे में दबकर घायल हो गईं। एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल को रेफर किया है। जबकि दो घायलों को दातागंज स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया है।

गांव खरसाई में शुक्रवार को सुबह चार बजे एक पक्का मकान भरभरा कर गिर गया, मकान के मलबे में घर की तीन महिलाएं दब गईं। मकान गिरने की आवाज पर दौड़े लोगों ने घायल महिलाओं को बाहर निकाला और आनन फानन में दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया। एक महिला को जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया।

# सफाई कर्मियों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ थाने में दी तहरीर
- डीएम के आदेश पर टीम बनाकर कराई जा रही सफाई

**अमृत विचार:** संचारी अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों की टीम बनाकर साफ सफाई कराई जा रही है। एक ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने सफाई कार्य में जुटे कर्मचारियों को दौड़ाकर पीटा। जान बचाकर भागे सफाई कर्मचारियों ने संबंधित थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। साथ ही सीडीओ और डीपीआरओ को घटना के अवगत कराया है।

सफाई कर्मचारी मुनेश पाल, भोलूराम, पिंटू, भीमसेन ने बताया कि उनकी ड्यूटी उसावां ब्लॉक में लगी है। एडीओ पंचायत ने चार से पांच कर्मचारियों की टीम बनाकर सफाई अभियान शुरू कराया है। उनकी टीम उसावां ब्लॉक की ग्राम पंचायत चिदयोरा दीवानगर में गलियों की सफाई कर रही थी। इसी दौरान गांव निवासी रामलडैते, गेंदन तथा अन्य कई ग्रामीण वहां पहुंच गए। आरोप है कि ग्रामीणों ने सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। सफाई उपकरणों को मौके पर ही छोड़कर वह जान बचाकर भागे। सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर को घटना से अवगत कराया। गांव पहुंचे संघ के जिला अध्यक्ष के साथ सफाई कर्मचारियों ने आरोपियों के खिलाफ थाना उसावां में तहरीर दी है। साथ ही डीपीआरओ और सीडीओ को भी घटना से अवगत कराया है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि अगर इस तरह ही घटनाएं होती हैं तो वह संचारी अभियान के तहत काम नहीं करेंगे। आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है।

आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी है। डीपीआरओ और सीडीओ को भी घटना से अवगत कराया है। संगठन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करता है। अगर उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन संचारी अभियान में बिल्कुल सहयोग नहीं करेगा।
**-लाल बहादुर सिंह**, जिला अध्यक्ष ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ

# हत्या करके शव छिपाने के दो दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** युवक की हत्या करके शव छिपाने के 16 साल पुरानी मामले में आरोपी को दोषी माना गया है। त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30-30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना उघैती क्षेत्र के गांव रियोनाई दलाई निवासी नेत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 24 फरवरी 2008 को उनका 24 साल का भाई ओमपाल गांव में आयोजित हो रही नौटंकी देखने गया था जोकि वापस घर नहीं लौटा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। पुलिस को पता चला कि गांव निवासी पप्पू उर्फ हरिशंकर और गंगा सहाय ने ओमपाल की हत्या कर दी है और शव को कहीं छिपा दिया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शव बरामद किया था।

शुक्रवार इस मामले में न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। एडीजीसी ओमपाल कश्यप और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलील सुनने के बाद दोनों दोषियों को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है।

## हरिमोहन सिंह बने विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक

**बदायूं, अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक आगरा में संपन्न हुई। जिसमें बदायूं को नए विभाग के रूप में मान्यता दी गई। जिले के कस्बा गुलडिया निवासी हरिमोहन सिंह पटेल को विभाग संयोजक नामित किया गया। हरिमोहन सिंह विद्यार्थी परिषद के लंबे समय तक बदायूं के जिला संयोजक रहे तथा बरेली विभाग के सहसंयोजक रहे हैं। राजेंद्र वर्मा को विभाग सह प्रमुख, मोहित शर्मा को विभाग सहसंयोजक, दास कॉलेज के डॉ सत्यम मिश्रा को जिले का जिला प्रमुख बनाया गया है।


हरिमोहन सिंह।

# झोलाछापों के खिलाफ सख्ती, अवैध क्लीनिक किया सील

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** क्षेत्र में चल रहे झोलाछाप क्लीनिक एवं फार्मेसी को लेकर एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने चिकित्सा अधीक्षक डा. रिदेश भसीन, कोतवाल अरंहित सिद्धार्थ के साथ गांव गनगोला में छापा मारा। इस दौरान झोलाछाप हाजी जाकिर अली फरार हो गया। एडीएम ने उसकी अवैध क्लीनिक को सील कर दिया।

शुक्रवार को झोलाछापों के खिलाफ निकले एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह सबसे पहले गनगोला गांव में एक क्लीनिक पर छापा मारा चिकित्सा अधीक्षक डा. रिदेश भसीन ने क्लीनिक के बाहर लगे फार्मेसी का लाइसेंस मांगा। लेकिन वह दिखा न सका। फार्मेसी का लाइसेंस मंतफा के नाम बताया गया, लेकिन वह मौके पर मौजूद नहीं थी। अवैध रूप से चल रही क्लीनिक में फार्मेसी का बोर्ड लगा मिला। जिसमें अंग्रेजी व आयुर्वेदिक दवाएं मिलने की बात दर्ज थी। बोर्ड पर जाकिर अली का नाम लिखा था, जबकि फार्मेसी दूसरे नाम है। अवैध क्लीनिक पर 4-5 मरीज भी बैठे मिले। मरीजों ने बताया कि रोजाना डा. जाकिर अली गांव के मरीजों को देखतें हैं और बोतलें भी चढ़ाते हैं। मरीजों ने बताया कि वह डा. जाकिर अली को देखने आये थे। सभी मरीजों के ब्यान दर्ज किये और मेडिकल पर मौजूद दवा एवं इंजेक्शन के सैंपल लिये है। यहां प्रतिबंधित इंजेक्शन भी मिले जो ऐसे डॉक्टर नहीं लगा सकते। चिकित्सा अधीक्षक डा. रितेश भसीन ने बताया कि कोतवाली में झोलाछाप के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की तहरीर दे दी है। कोतवाल अरंहित कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि अवैध क्लीनिक के सील होने एवं झोला छाप डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तहरीर मिली है।


गनगोला में अवैध क्लीनिक सील करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### उझानी में अवैध रूप से चल रहे अस्पताल

**उझानी, अमृत विचार :** कस्बे में कई ऐसे नर्सिंग होम व हॉस्पिटल चल रहे हैं जिनके पास रजिस्ट्रेशन नहीं है और ना ही उनके पास कोई एमबीबीएस डॉक्टर हैं। अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है। कस्बे के कई नर्सिंग होम अवैध रूप से चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी भी है। फिर भी उसके खिलाफ कार्यवाही नही की जाती है। स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव को आने वाली गर्भवती महिलाओं को उनके एजेंट ले जाते हैं। जिससे गरीबों पर पैसे की मार पड़ती है। सरकारी अस्पतालों पर मंडराने वाले दलालों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। इन दलालों के चक्कर में गांव देहात के लोग आसानी से आ जाते हैं। कस्बे के लोगो ने कहा कि अब नए सीएमओ आए हैं क्या करते हैं यह जल्द ही पता चल जाएगा। अवैध रूप से चलने वाले अस्पतालों पर कार्यवाही करना जरूरी है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर

डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157



प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
- गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000


# तिरपाल से ढकीं शराब की दुकानें वाहनों का रूट डायवर्जन शुरू

## सावन के पहले सोमवार के मद्देनजर व्यवस्था हुई चाकचौबंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


पुलिस ने तिरपाल से ढकवाई कांवड़ियों के मार्ग की शराब की दुकान।

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी पूरी है। कांवड़ियों को वाहनों से सुरक्षित करने को रूट डायवर्जन किया है। जगह-जगह बैरिकेडिंग करके वाहनों को रोका जा रहा है। वहीं किसी भी प्रकार के विवाद से बचने को पुलिस ने कांवड़ियों के रूट की मीट की सभी दुकानों को तिरपाल से ढकवा दिया है। कुछ दुकानों पर तिरपाल नहीं लगा है जिन्हें शनिवार को ढकवा दिया जाएगा। पुलिस और अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कांवड़ियों के रूट पर नजर रखेंगे।

तीन दिन के बाद 22 जुलाई को सावन महीने की शुरूआत हो जाएगी। जिसके चलते कछला स्थित भागीरथी घाट पर कांवड़ियों का आना शुरू होने लगा है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को भी कछला घाट और रास्तों पर तैनात कराया है। घाटों के अलावा रास्तों पर भी पुलिस तैनात रहेगी। पुलिस कांवड़ियों का राह प्रशस्त करेगी। बरेली-मथुरा राजमार्ग, दिल्ली राजमार्ग, कासगंज, उसावां, दातागंज मार्गो पर 1159 सीओ, थाना प्रभारी, निरीक्षक, सिपाही, होमगार्ड आदि नजर रखेंगे।

- **कांवड़ियों के रास्तों की दुकानों पर खाद्य पदार्थों की होगी जांच**
- **बैरिकेडिंग करके पुलिस तैनात जगह-जगह वाहनों की चेकिंग**

कांवड़ियों की जरूरत के हिसाब से जल निगम, बिजली, खाद्य एवं रसद विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है। पिछले साल सावन के महीने में कांवड़ियों की सेवा करने वाले समाजसेवी के ही शिविर लगेंगे। पुलिस प्रशासन ने कांवड़ियों के पथ पर पड़ने वाली 140 शराब की दुकानों को तिरपाल से ढकने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कुछ दुकानों को ढका भी गया है। शेष बची दुकानें शनिवार सुबह तिरपाल से ढककर ही खोली जाएंगी।

# सामुदायिक शौचालय कर्मियों ने शुरू किया चिंतन मंथन शिविर


मालवीय आवास गृह पर धरना देते सामुदायिक शौचालय कर्मचारी।

कार्यालय संवाददाता बदायूं

- **मानदेय नहीं मिलने से दैनिक खर्चों में आ रही दिक्कत**

**अमृत विचार :** जनपद में सामुदायिक शौचालय कर्मचारियों ने मानदेय सहित अन्य समस्याओं को लेकर तीन दिवसीय चिंतन मंथन शिविर शुरू कर दिया है। सामुदायिक शौचालय कर्मियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

भारतीय भागीदारी आंदोलन के बैनर तले चल रहे तीन दिवसीय चिंतन मंथन शिविर में सामुदायिक शौचालयों के सफाई कर्मचारियों ने कहा है कि ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित सामुदायिक शौचालयों पर लगे कर्मचारियों का मानदेय कई वर्षो से नहीं मिला है। जिससे उनके परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। जिला प्रशासन की उपेक्षापूर्ण नीति के चलते धरना प्रदर्शन भी किया गया है। कर्मचारियों ने डीएम को भेजे ज्ञापन में मांग की है कि शौचालयों पर लगे कर्मचारियों का मानदेय सीधे कर्मचारियों के खाते में भेज कर उन्हें सूचित कर दिया जाए, जिससे वह अपना मानदेय निकाल सकें। इस मौके पर सविता देवी, रेखा देवी, जसोदा, शकुंतला, उर्मिला, नीतृ, सहित सैकड़ों सफाई कर्मचारी महिलाएं मौजूद रहीं।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
NABH PRE ACCREDITED
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289



ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली



डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली


# आस्था का केंद्र है मार्कण्डेय महादेव मंदिर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


मार्कण्डेय महादेव मंदिर।

- **महादेव का 40 दिन जलाभिषेक करने से मिलती है कष्टों से मुक्ति**
- **138 साल पूर्व रखी गई थी मंदिर की आधारशिला**

**अमृत विचारः** शहर का हर प्रसाद मंदिर 138 सालों से लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। 1886 में लाला हर प्रसाद ने इस मंदिर की आधारशिला रखी थी। उनके द्वारा भगवान शिव के मंदिर का निर्माण कराया गया था। भक्तों के सहयोग से मंदिर भव्य रूप में है। जिले के इस एकमात्र मंदिर में भगवान शिव मार्कण्डेय महाराज के स्वरूप में विद्यमान हैं। सावन मास और शिवरात्रि पर यहां लाखों की संख्या में लोग भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने जुटते हैं। दो दिन बाद शुरू हो रहे श्रावण मास के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर तैयारी चल रही हैं।

बरेली रोड पर शहबाजपुर चुंगी से आगे दक्षिण दिशा में स्थित हर प्रसाद मंदिर शिवालय आस्था और शक्ति का प्रतीक है। हर वर्ष सावन माह और महाशिवरात्रि के पर्व पर लाखों की तादात में श्रद्धालु यहां मार्कण्डेय महादेव का जलाभिषेक करते हैं। मान्यता है कि महादेव का 40 दिन जल तक गंगा जल से अभिषेक करने से लोगों को कष्टों से मुक्ति मिलती है। उनके सारे बिगड़े हुए काम पूरे होते हैं। महादेव से जो भी सच्चे मन से कुछ मांगता है वह उसे मिलता है। पूरे जिले में मार्कण्डेय महादेव का इकलौता शिवालय होने से यह मंदिर आस्था का विशेष केंद्र है। मंदिर के पुजारी चंद्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन सुबह-शाम शिवालय में पांच सौ से छह सौ लोग भगवान शिव की पूजा करने पहुंचते हैं। मंदिर में स्थापित माता काली की प्राचीन प्रतिमा भी महिलाओं की आस्था का केंद्र है। नवरात्र में यहां मॉ काली की विशेष होती है। जिसमें सैकड़ों महिलाएं जुटती हैं। इसके साथ ही मंदिर प्रांगण में राधा कृष्ण, संतोषी माता, श्री राम दरबार में भी स्थापित है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग माथा टेकने और पूजा करने आते हैं। मंदिर में धर्म प्रेमियों के सहयोग से समय-समय पर धार्मिक आयोजनों के साथ ही भंडारे आदि होते रहते हैं। शहर के साथ-साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों लोग यहां आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचते हैं। दो दिन बाद श्रावण मास शुरू होने वाला है। सैकड़ों की संख्या में लोग भगवान शिव की पूजा करने के लिए जुटेंगे। इसको लेकर मंदिर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## प्याऊ खराब पेयजल को भटक रहे राहगीर

उझानी, अमृत विचार : कोतवाली गेट स्थित रेलवे रोड पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा द्वारा लगाई गई प्याऊ काफी समय से खराब पड़ी है। जिससे पेयजल समस्या बनी हुई है। इधर से गुजरने वाले राहगीरों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है।

कस्बा में रेलवे रोड स्थित कोतवाली गेट के निकट केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने एक शीतल जल प्याऊ लगाया था। कुछ समय तो लोगों ने शीतल जल का स्वाद चखा उसके बाद प्याऊ की मशीन खराब होने से प्याऊ बंद हो गई। कई महीने से प्याऊ बंद है। प्याऊ बंद होने से परेशानी हो रही है। कुछ लोगों ने केंद्रीय मंत्री से भी इस बाबत बात की मगर इस पर न तो केंद्रीय मंत्री ने ध्यान दिया और न ही पालिका प्रशासन ने प्याऊ को ठीक कराने की जहमत उठाई।

# एनएचएम पदाधिकारियों ने किया सीएमओ का सम्मान


सीएमओ का स्वागत करते एनएचएम संघ कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ जनपद इकाई के जिलाध्यक्ष कृष्ण वल्लभ चतुर्वेदी के नेतृत्व में संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने नवागत मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रामेश्वर मिश्रा को बुके भेंट कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी द्वारा समस्त एन एच एम स्टाफ को सत्यनिष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस पर जिलाध्यक्ष द्वारा पूर्ण सहयोग का वादा किया गया। इस मौके पर मंडल महासचिव गुलशन, जिला महामंत्री अशोक माथुर, जिला महासचिव डॉक्टर प्रभाकर मिश्र, संगठन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा धवल, कोषाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार जोशी, मीडिया प्रभारी गौरव यादव, उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व एस टी एल एस इजहार खान मौजूद रहे।

# मानदेय को लेकर रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन कर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बिल्सी


प्रदर्शन करते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के बैनर तले रोजगार सेवकों ने शुक्रवार को जिलाध्यक्ष शेरसिंह यादव एवं ब्लाक अध्यक्ष राहुल देव शाक्य के नेतृत्व में बकाया मानदेय भुगतान को ब्लॉक अंबियापुर में धरना प्रदर्शन किया। साथ ही उनकी मांगों को पूरा करने के लिए बीडीओ ज्ञापन सौंपा।

संगठन जिलाध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी मानदेय को लेकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। जिसके कारण रोजगार सेवकों को समय से मानदेय नहीं मिल पा रहा है। सरकार ने मनरेगा कर्मियों का भुगतान करने के लिए प्राथमिकता में रखा है। इसके बाद भी अधिकारी उनकी मांग को नजरअंदाज करने में लगे है। इस मौके पर संतोष कुमार सिंह, हेमपाल सिंह, गीता रानी, मीना पाल, नरेंद्र पाल, रविंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

बदायूं की खबरें नौ और दस पर भी हैं

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।



BRACHYTHERAPY

24 Channel



PET CT SCAN

बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ

डॉ. अर्जुन अग्रवाल
(सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)

डॉ. लक्ष्मण पांडे
(रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)

डॉ. आमिर मलिक
(हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)

डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा
(क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)

डॉ. संदीप
(मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)

डॉ. चीना गर्ग
(ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)

डॉ. अंकित कुमार
(न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें –
92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### आज का मौसम

आसमान में बादल छाएंगे, होगी बारिश

34⁰ अधिकतम तापमान | 28⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.32 | सूर्यास्त 07.11

### जिले में आज

- जिला सेवायोजन विभाग द्वारा सोरों के चौधरी रामप्रकाश महाविद्यालय में रोजगार मेला सुबह 10 बजे से।
- शहर के हुल्का माता रानी मंदिर पर लगे आषाढ़ मेले में श्रद्धालुओं द्वारा माता का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना सुबह सात बजे से।
- माहेश्वरी समाजसेवा उत्थान मंडल का पौधा रोपण कार्यक्रम गांव नदरई में दोपहर 12 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

# कांवड़ यात्रा मार्ग से पुलिस ने हटवाए अतिक्रमण

## कांवड़ियों के मार्ग पर अंडा और मांस न बेचने की दी हिदायत, नगर पालिका ने सड़क के गड्ढे दुरुस्त कराए

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर शासन के निर्देश पर कांवड़ यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जा रही है। शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन ने कांवड़ यात्रा मार्ग से अतिक्रमण हटवाए। यात्रा मार्ग पर अंडा और मांस न बेचने की हिदायत दी। अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई है। नगर पालिका ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सड़कों के गड्ढे भरवाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ मेले के दृष्टिगत सभी जिलों के डीएम, एसपी को कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत बेहतर व्यवस्था बनाने तथा मार्गों के गड्ढे भरवाने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को सदर कोवताली के इंस्पेक्टर लोकेश भाटी एवं यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने पुलिस बल के साथ सोरों-कासगंज एवं कासगंज-नदरई मार्ग पर शहर के मुख्य बाजार में फुटपाथों पर अतिक्रमण को हटवाया। दुकानदारों को चेतावनी दी कि अतिक्रमण न करें। वहीं हथ ठेला और रेहड़ी वालों को भी चेतावनी दी कि वह वेंडर जोन में ही ठेले लगाएं। मार्गों पर अतिक्रमण न करें। अंडा और मांस विक्रेताओं को भी चेतावनी दी गई है कि वह मांस और अंडे की दुकानें कांवड़ यात्रा मार्ग पर न लगाए।

अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वहीं गुरुवार रात को पालिका प्रशासन ने भी शहर के मुख्य बाजारों की सड़कों के गड्ढे भरवाए।



सोरों गेट इलाके में अंडे के ठेले एवं अतिक्रमण हटवाते इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी। ● अमृत विचार

> कांवड़ यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैलाएं। नो एंट्री का भी सख्ती से पालन कराया जाएगा। भारी वाहन कांवड़ यात्रा मार्ग पर नहीं घुस सकेंगे। सभी व्यवस्थाओं में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें।
> – **संजीव कुमार**, एसडीएम सदर

> यातायात व्यवस्था बनी रहे। कांवड़ियों को जाम की समस्या से न जूझना पड़े इसके लिए कांवड़ यात्रा के दौरान शहर के मुख्य बाजारों में ई-रिक्शा प्रतिबंधित किए गए हैं। चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नो एंट्री का सख्ती से पालन कराया जाए।
> – **अजीत चौहान**, सीओ सदर





बैरियर लगाकर ई-रिक्शा प्रतिबंधित का बोर्ड लगवाते यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह।

# रीचार्ज महंगा: बीएसएनएल की ओर बढ़ा लोगों का रुझान

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**





- **15 दिन में अन्य नेटवर्कों की 350 सिम बीएसएनएल में हुई पोर्ट**
- **500 से अधिक उपभोक्ताओं ने खरीदी नई सिम, स्टॉक समाप्त**

**अमृत विचार :** विभिन्न मोबाइल नेटवर्कों के रीचार्ज में हुए एक साथ इजाफे के कारण लोगों का रुझान बीएसएनएल की ओर बढ़ा है। बीते 15 दिनों में अन्य नेटवर्कों के उपभोक्ताओं ने सिम बीएसएनएल में पोर्ट कराये हैं। वहीं जिले में सैकड़ों की संख्या में नई सिम बिकी है। बीएसएनएल कार्यालय पर सिम का स्टॉक समाप्त हो गया है, जबकि खरीदार पहुंच रहे हैं।

एक जुलाई से जियो, एयरटेल, वीआई कंपनियों ने अपने रीचार्ज में काफी वृद्धि कर दी। एक साथ रिचार्ज की कीमतें बढ़ जाने से उपभोक्ताओं में नाराजगी दिखाई दे रही है। उपभोक्ता इन नेटवर्कों से विमुख होते दिख रहे हैं और उनका रुझान बीएसएनएल की ओर बढ़ रहा है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो 15 दिनों में जिले में 350 से अधिक उपभोक्ताओं ने अन्य नेटवर्कों की सिम को बीएसएनएल में पोर्ट कराया है। इतना ही नहीं 500 से अधिक नई सिम खरीदी हैं। जिला मुख्यालय स्थित बीएसएनएल के कार्यालय पर दो दिन पूर्व ही नई सिम का स्टॉक समाप्त हो गया है। कार्यालय पर नई सिम खरीदने और पोर्ट कराने के लिए उपभोक्ता पहुंच रहे हैं।

> 15 दिनों में 350 अन्य नेटवर्कों की सिम बीएसएनएल में पोर्ट हुई हैं। 500 से अधिक नई सिम की बिक्री हुई है। फिलहाल नई और पोर्ट सिम समाप्त हो गई हैं। इसके लिए अग्रिम कार्यवाही की जा चुकी है। एक दो दिन में सिम प्राप्त हो जाएंगी। – **दानवीर सिंह**, एसडीओ दूरसंचार विभाग

# अफसरों को निर्देश, दुकानों पर चस्पा कराएं नाम

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार:** 22 जुलाई से सावन महीने की शुरुआत हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्देश जारी किया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग पर पड़ने वाले सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर अपना और वहां काम करने वाले लोगों का नाम चस्पा करना अनिवार्य होगा। सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश को लागू करवाएं। पुलिस कर्मी अपने अपने क्षेत्रों में पड़ने वाली दुकानों को चेक करें और उन दुकानों पर नाम चस्पा कराएं। यह आदेश मिलने के बाद पुलिस कर्मी दुकानों पर नाम दर्ज कराने में जुटे हुए हैं। ये कदम कांवड़ की पवित्रता को बनाये रखने के लिए उठाया गया है।

पिछले साल 18 नवंबर को ही हलाल प्रमाणीकरण वाले खाद्य उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा को लेकर अफसरों की बैठक में निर्देशित किया कि हलाल के प्रोडक्टों को बंद किया जाएं।



सोरों में लगी कांवड़ सामग्री की दुकान। ● अमृत विचार



प्रदेश सरकार द्वारा जो निर्णय लिया गया है। वह बहुत ही सराहनीय है। कांवड़ यात्रा के रास्ते पर पड़ने वाली सभी दुकान मालिकों को अपने नाम और काम करने वाले लोगों के नाम लिखकर चस्पा करने होंगे।
**–आशुतोषनंद महाराज**



सोरों में दोनों समुदाय के लोग कांवड़ सामग्री की बिक्री करते हैं। दुकानों पर नाम अंकित होने के बाद साफ पता चल सकेगा, इस दुकान का मालिक कौन है। कौन-कौन से कर्मचारी दुकान पर काम कर रहे हैं।
**– बंशीधर शास्त्री**



कुछ लोग दुकानों पर देवी-देवताओं की तस्वीरें लगाकर कांवड़ियों की पवित्रता को धूमिल करते हैं। वे अब ऐसा नहीं कर सकेंगे। योगी सरकार का यह सराहनीय निर्णय है।
**–बारीजकांत तिवारी**



विशेष समुदाय के लोग देवी देवताओं की मूर्ति दुकानों पर लगाकर कांवड़ियों की पवित्रता को प्रभावित करते थे। यह आदेश कांवड़ियों की शुचिता बाए रखने को दिया गया है।
**–नरोत्मानंद महाराज**

> कांवड़ यात्रा के मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों के मालिकों को निर्देशित किया जा रहा है कि वे अपनी दुकानों पर मालिक और काम करने वाले लोगों का नाम लिखवाएं, तभी वह दुकान चला सकते हैं। अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> **–मेधा रूपम**, डीएम

# महिलाओं को ई-रिक्शा का दिया प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-2 के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। प्रशिक्षाणार्थी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक विनयराज माहेश्वरी ने कहा कि सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तमाम योजनाएं चला रही है। मिशन शक्ति अभियान ने महिलाओं को जागरूक किया है। वह अपने हक के लिए आगे आयी हैं। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा का प्रशिक्षण पाकर महिलाएं स्वरोजगार अपनाएं। ट्रेनर संगीता, अंजू, दीप्ति एवं कुमकुम ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में प्रशिक्षण पा चुकी 100 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए गए। अभय प्रिय, जितेंद्र सिंह, शबीना, परवीना, इकरा, शिल्मी, सपना, पूनम, शबनम, पूजा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।



मिशन शक्ति फेज-2 के तहत प्रशिक्षण पा चुकी महिलाएं प्रमाण पत्र के साथ।

- **प्रशिक्षकों ने स्वावलंबी बनने के लिए महिलाओं को किया प्रेरित**

## स्कूल से लौट रही छात्रा के साथ छेड़छाड़

**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र की एक छात्रा अपनी सहेली के साथ गुरुवार की दोपहर स्कूल से लौट रही थी। गोरहा बाइपास के पास अनिकेत निवासी नगला मामों ने छेड़छाड़ की तथा मुंह दबाकर झाड़ियों की ओर ले जाने लगा। किशोरी और उसकी सहेली चीखी चिल्लाई तो लोगों ने युवक को पकड़ लिया। घटना की जानकारी छात्रा ने अपने परिजनों को दे दी थी। भाई साथियों के साथ वहां पहुंच गया और युवक को पकड़कर कोतवाली ले जाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां उसे जेल भेजा है।

# दहेज के लिए विवाहिता को बच्चे सहित घर से निकाला

**संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** जिला एटा के गांव चंदनपुर निवासी विवाहिता ने थाना सुन्नगढ़ी के गांव मऊ निवासी ससुरालीजनों पर दहेज के लिए मारपीट करने, उत्पीड़न करने एवं मांग पूरी न होने पर आठ माह के बच्चे सहित मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। मामले में ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

एटा थाना राजारामपुर के गांव चंदनपुर निवासी दिनेश चंद्र ने अपनी पुत्री अर्चना का विवाह दो वर्ष पूर्व थाना सुन्नगढी के गांव मऊ निवासी हरवीर के साथ किया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही हरवीर, सास, ससुर, देवर, ननद अतिरिक्त दहेज के रूप में ढाई लाख रुपये की मांग कर अर्चना के साथ मारपीट और उत्पीड़न करने लगे। 14 जुलाई को ससुरालीजनों ने आठ माह के बच्चे के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाना सुन्नगढ़ी में पति सहित ससुरालीजनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। सुन्नगढ़ी थानाध्यक्ष सरिता तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नवजात को पशुओं के चारे की नाद में फेंका

**सहावर संवाददाता, कासगंज**

- **रोने की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बच्चे को निकाला**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर में नवजात को पशुओं के चारे की नाद में फेंक दिया। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर एक महिला ने उसे उठा लिया। तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस ने बच्चे को सहावर सीएचसी में भर्ती कराया है। पुलिस बच्चे को फेंकने वालों को तलाश रही है।

शुक्रवार की सुबह जहांगीरपुर गांव निवासी जोगी की गाय की नाद में एक नवजात पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि जन्म के बाद ही बच्चे को नांद में रख दिया गया। शुक्रवार की सुबह नाद में चारा डालने पहुंची महिला ने बच्चे को रोता हुआ देखा तो वह दंग रह गई। उन्होंने इस मामले की जानकारी परिजनों को दी, तमाम ग्रामीण नवजात को देखने के लिए उमड़ पडे। जोगी ने बच्चा मिलने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने लोगों से जानकारी करने के बाद बच्चे को सीएचसी में भर्ती कराया है। आंशका जताई जा रही कि नवजात को कुछ समय पहले ही जन्म दिया गया था। लोक लाज के डर से उसे यहां फेंक दिया गया है। बच्चे की मां को लोग कोस रहे थे।



चारपाई पर लिटाया बच्चा।

> नवजात मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। बच्चे को सहावर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जिला प्रोवेशन अधिकारी की देखरेख में बच्चे का उपचार चल रहा है। बच्चा किसने फेंका है, इसकी तलाश की जा रही है। – **प्रवेश राणा**, इंस्पेक्टर, सहावर

## तीन वांरटी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**कासगंज :** वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के क्रम में सोरों कोतवाली पुलिस ने मल्लाहनगर निवासी भूपसिंह एवं गंजडुंडवारा पुलिस ने कस्बा के मुहल्ला बनखंडी निवासी अमरपाल सिंह एवं सिढपुरा पुलिस ने प्रदीप कुमार निवासी ग्राम सैमरा मौर्चा थाना सिढपुरा को गिरफ्तार किया है। एएसपी राजेश भारतीय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटियों को जेल भेजा गया है।

# दिन भर छाये रहे बादल शाम को चमका सूरज

**कासगंज, अमृत विचार :** शुक्रवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाये रहे। दिन भर सूरज बादलों की कोख में छिपा रहा। शाम को चमका। दिन भर ठंडी हवाएं चलने से उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की गई। बादलों के बावजूद कुछ बूंदे ही गिरकर रह गईं। मौसम सुहाना बना रहा।

सुबह आसमान साफ था, लेकिन आठ बजे के बाद सूरज तो नहीं निकला आसमान पर बादल छा गए। यह बादल पूरी दिन घिरे रहे। सूरज न निकलने और ठंडी हवाएं चलने से मौसम खुशनुमा रहा। कई दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान जनमानस ने राहत की सांस ली। बाजारों में भी भीड़भाड़ रही। शाम लगभग चार बजे बादलों की कोख से सूरज चमका। कुछ देर चमकने के बाद फिर से बादलों में जा छिपा।

**किसान आसमान की ओर निहार रहे :** धान की फसल की रोपाई चल रही है। पिछैती रोपाई के लिए बारिश की आवश्यकता है। किसान बारिश के इंतजार में बादलों की ओर निहार रहे हैं। किसान राजेंद्र ने बताया कि अधिकांश धान की रोपाई हो चुकी है। बारिश की जरूरत है।



शुक्रवार को आसमान पर छाये बादल।

- **ठंडी हवा चलने से उमस भरी गर्मी से मिली राहत**

# बैंक कॉलोनी में 18 घंटे नहीं आई बिजली

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** बंच केबल खराब हो जाने से शहर की बैंक कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति लगभग 18 घंटे गुल रही। वहीं अशोक नगर एवं किला मुहल्ले में भी विद्युत आपूर्ति ठप हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। भीषण गर्मी में लोग त्राहि त्राहि कर गए। पेजयल का संकट का भी लोगों को सामना करना पड़ा। बैंक कॉलोनी में गुरुवार रात गुल हुई बिजली शुक्रवार की दोपहर को सुचारू हुई है।

- **अशोक नगर, किला मुहल्ले में भी कई घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति**
- **गुरुवार की रात गुल हुई बिजली शुक्रवार की दोपहर हुई सुचारू**

गुरुवार रात लगभग 10 बजे बैंक कॉलोनी की बंच केबल ओवरलोडिंग से खराब हो गई जिससे शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। रात में ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने केबल को दुरुस्त कर आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास किया वह सफल भी हुए, लेकिन मात्र पांच मिनट बाद ही केबल पुनः भष्ट हो गई। जिससे बस्ती की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।

रात भर लोगों को भीषण गर्मी में रात जागकर काटनी पड़ी। घरों में लगे इन्वर्टर भी जवाब दे गए। पेयजल का भी संकट पैदा हो गया। शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे नई बंच केबल डाली गई और विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई। गुरुवार की शाम लगभग सात बजे शहर के अशोक नगर और किलो रोड की विद्युत आपूर्ति तकनीकी खामी के चलते बाधित हो गई और देर रात विद्युत सुचारु हुई। यहां के लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### अधिकारी नहीं उठाते फोन

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डीपी सिंह राना का कहना है कि शाम होते ही विभागीय अधिकारी अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर लेते हैं। उपभोक्ता फोन लगाते रहते हैं फोन नहीं मिलते हैं। यदि मिल भी जाता है तो अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह बनना चाहिए।

# आस्था का रास्ता सुगम करने की कवायद

## कांवड़ियों को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने बनाया प्लान, सड़क पर लाइटें लगाई गईं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


कांवड़ यात्रा को लेकर सड़क पर रोशनी करने के लिए लाइट लगाते कर्मचारी।


डिवाइडर के बीच में बल्ली लगाकर बनाया गया एकल मार्ग।

**अमृत विचार:** सावन भर लाखों की संख्या में कांवड़िया ही दिखाई देंगे। यातायात पुलिस कांवड़ियों का रास्ता सुगम करने के लिए ट्रैफिक प्लान बनाने में जुटी हुई है। ताकि किसी भी कांवड़िया को कोई परेशानी का सामना न करना पडे। बेरीकेडिंग लगाकर मार्ग को एकल मार्ग किया है।

सावन मास एवं कांवड़ मेला पर्व 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस दौरान विभिन्न जनपदों व राज्यों से भारी संख्या में कांवड़ियों द्वारा गंगा घाट से गंगा जल ले जाकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे।काफी संख्या में श्रद्धालुओं के होने के कारण यातायात व जाम की समस्या उत्पन्न होती है। इसे ध्यान में रख पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था बनाई है। इसके तहत बदायूं-बरेली की ओर से आने वाले भारी वाहनों (ट्रक, ट्राला डीसीएम, रोडवेज, प्राइवेट बस आदि) को बदायूं से कादरगंज पुल थाना सिकंदरपुर वैश्य होकर निकाला जाएगा, जो कासगंज की सीमा में प्रवेश कर एटा होते हुए गंतव्य को जाएंगे। एटा और हाथरस से बदायूं-बरेली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहन सौरभ ढाबा एटा रोड से डायवर्ट कर मंडी तिराहा कासगंज से अमांपुर, सहावर, गंजडुंडवारा होते हुए कादरगंज पुल से बदायूं जाएंगे।

अलीगढ़ से बदायूं-बरेली जाने वाले समस्त भारी वाहनों को हजारा नहर पुल से डायवर्ट कर मामो बाईपास से गोरहा नहर पुल से डायवर्ट कर सहावर, गंजडुंडवारा क्षेत्र होते हुए कादरगंज पुल से बदायूं भेजा जाएगा। कछला गंगा घाट बदायूं से आने वाले भारी वाहनों को दुपहिया मोड नगरिया सोरों से डायवर्ट कर सहावर, अमांपुर से एटा होते हुए गंतव्य स्थान को निकाला जाएगा। इसके साथ ही अलीगढ़ व हाथरस से कासगंज आने वाली समस्त रोडवेज बसें एटा होकर कासगंज आएंगी। कासगंज से बदायूं-बरेली जाने वाली समस्त रोडवेज बसें राजकोल्ड तिराहा से चांडी तिराहा कासगंज से सहावर, गंजडुंडवारा, कादरगंज गंगा पुल होते हुए बदायूं जाएंगी। सोरों से मिरहची एटा बार्डर तक कांवड़ यात्रियों के लिए 20 जुलाई से 20 अगस्त तक वनवे ट्रैफिक रहेगा। कांवड़ लेन में किसी भी प्रकार के वाहन का आना प्रतिबंधित रहेगा।

**सड़क पर लगाई गई लाइटें :** कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को अंधेरे से न गुजरना पडे।इसके लिए सड़क के दोनों ओर नगर पालिका द्वारा लाइट लगाई जा रही है, ताकि वह कांवड़ लेकर आसानी से कांवड़ ले जा सके। पालिका प्रशासन कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है।

### शहर में ई-रिक्शों पर रहेगा प्रतिबंध

कांवड़ यात्रा को लेकर यातायात पुलिस पूरी तरह से सजग है। कांवड़ियों की रहा में कोई परेशानी न आए इसके लिए ट्रैफिक प्लान बनाने में लगी हुई है। कांवड़ियों को बाजार से निकलने को लेकर यातायात पुलिस ने ई रिक्शाओ पर प्रतिबंध कर दिया है। ई रिक्शा ठंडी सड़क सरकूलर रोड से गुजरगें। बाजार में ई रिक्शा मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

"कांवड़ यात्रा को लेकर ट्रैफिक प्लान बना लिया गया है। जगह जगह यातायात पुलिस तैनात रहेंगी। बाजार में ई रिक्शाओ पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बाजार से सिर्फ कांवड़ियों को ही निकाला जाएगा। बड़े वाहनों को डायवर्ट कर दिया गया है। – **लक्ष्मण सिंह**, यातायात प्रभारी

# संबद्धता निरस्त कर गांवों में भेजे जाएं सफाई कर्मचारी


डीएम मेधा रूपम को ज्ञापन देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **कर्मचारियों को मानक के अनुरूप दिए जाएं सफाई उपकरण**
- **ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने डीएम को दिया ज्ञापन**

**अमृत विचार :** पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर डीएम को मांग पत्र दिया है। कर्मचारियों ने समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराए जाने की मांग की है। डीएम ने कर्मचारियों को समस्याओं के समाधान के प्रति आश्वस्त किया है।

पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एवं संयुक्त मंत्री नदीम अख्तर के संयुक्त नेतृत्व में कर्मचारियों ने डीएम मेधा रूपम को दिए गए ज्ञापन कहा है कि कासगंज में 80 पंचायत सफाई कर्मचारियों का विभिन्न कार्यालयों में संबद्धिकरण किया गया है। संबद्धिकरण समाप्त कर इन सफाई कर्मचारियों को राजस्व ग्रामों पर भेजा जाए। मानक के अनुरूप सफाई उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। ग्राम पंचायतों में सफाई बेहतर हो सके इसके लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए। जिला महामंत्री ओमवीर सिंह, कोषाध्यक्ष सुखवीर सिंह, कमल सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला यात्री का ट्रेन में छूटा नगदी, जेवर से भरा बैग

**कासगंज।** लखनऊ-कासगंज एक्सप्रेस में महिला यात्री का नगदी और जेवरात से भरा बैग छूट गया।आरपीएफ ने महिला को बुलाकर बैग सौंपा। महिला ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। थाना सहावर के गांव सेवनपुर निवासी फातिमा पत्नी अतीक अहमद लखनऊ कासगंज एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रही थी। ट्रेन सहावर टाउन स्टेशन पर पहुंची तो महिला जल्दबाजी में वह अपना बैग सीट पर ही रखा भूल गई। बैग में पांच हजार रुपए, 85 हजार रुपए के आभूषण थे। स्टेशन मास्टर मनीष कुमार पांडेय को बैग बोगी में छूट जाने की जानकारी मिली। उन्होंने कांस्टेबल महेश चंद्र मीणा को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बैग कब्जे में ले लिया। बैग मिलने पर सूचना फातिमा को दी गई। आरपीएफ थाने पहुंची महिला से बैग की पहचान कराने के बाद बैग सौंप दिया।

## जिले में हरियाली का लिया संकल्प



**कासगंज, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट और विकास भवन परिसर में पौधा रोपण किया गया। सफाई कर्मचारियों ने फल, फूल, औषधि के पौधे लगाकर उनके पोषण और जिले को प्रदूषण मुक्त तथा हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि वृक्ष जीवनदायनी होती हैं। इनसे ऑक्सीजन तथा दवाएं मिलती है। पर्यावरण को शुद्ध और साफ बनाने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका होनी चाहिए। पौधा रोपण इसका एक अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सफाई कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर एक पौधा अवश्य लगाए और इसका पोषण करे। प्रवीण कुमार, सूबेदार सिंह, जगदीश कुमार, दिनेश कुमार, रंजीत कुमार, सोनपाल सिंह, सुखबीर सिंह, कमल सिंह, मनोज कुमार, सतपाल सिंह, शैलेंद्र कुमार, जोगिंदर कुमार, युधिष्ठिर सिंह, विजय सिंह, जय सिंह, राजेश कुमार, रंजीत कुमार व अन्य मौजूद रहे।




हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem® (BUMS)

यूनानी चिकित्सक

Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

9634499693
9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांकः- 21 जुलाई 2024, रविवार
04 अगस्त 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## एक नजर

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी भेजा गया जेल

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि आरोपी अनकित को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजा है।

### गैंगस्टर का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गंजडुंडवारा।** पुलिस ने गैंगस्टर के वांछित आरोपी को मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी लम्बे समय से पुलिस से भाग रहा था। गिरफ्तार आरोपी शिवकुमार निवासी मुहल्ला बनखंडी थाना गंजडुंडवारा को पूछतांछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

### मंदिर में अंडा फेंकने का आरोपी पुलिस ने पकड़ा

**अमांपुर।** कस्बा के मुहल्ला इन्द्रानगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में अंडा फेंके जाने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीओ शाहिदा नसरीन ने बताया कि आरोपी शानू अली निवासी मुहल्ला लोहिया नगर थाना अमांपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# डीएम ने पौधरोपण अभियान के लिए देखीं तैयारियां

## 20 जुलाई को लगाए जायेंगे जिले में 3013237 पौधे, डीएवी इंटर कॉलेज मैदान पर किया जाएगा पौधरोपण

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने शुक्रवार को अपरान्ह में तहसील एटा सदर क्षेत्र के अन्तर्गत आसपुर सकीट मार्ग पर नगला इंदी ग्राम के निकट डीएवी इण्टर कॉलेज ग्राउण्ड पहुंचकर 20 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि 20 जुलाई को डीएवी इण्टर कॉलेज की लगभग 1.7 हैक्टेयर भूमि पर एक हजार से अधिक पौधे रोपित किए जाने हैं। इसके साथ ही सम्पूर्ण जनपद में 3013237 पौधे शासन के निर्देशानुसार आवंटित लक्ष्य के अनुरूप लगाए जायेंगे।

डीएम ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम की थीम पर वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाना है, इसके लिए जनभागीदारी बहुत आवश्यक है। सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूल, कॉलेज, प्रतिष्ठान, गौआश्रय स्थल, तहसील, ब्लाक कार्यालय, अमृत सरोवर, तालाब सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर वृक्षारोपण अवश्य किया जाए। पौधों की सिंचाई, सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए, जिससे कि अधिक से अधिक पौधे सरवाइव कर सकें। ऐसे स्थानों पर पौधे लगाए जाएं, जहां सुरक्षित रह सकें। डीएफओ सुन्दरेशा, सीडीओ डा. एके बाजपेयी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी सकीट फैसल आलम, डीआईओएस इन्द्रजीत सहित अन्य अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।



डीएवी इंटर कॉलेज मैदान में पौधे लगाने की तैयारियां देखते डीएम व अन्य अधिकारी।

### जनता इंटर कॉलेज में 115 पौधों का किया रोपण

**एटा।** एक पौधा मां के नाम अभियान प्रदेश की सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। मुहिम के अंतर्गत अवागढ़ के जनता इंटर कॉलेज के परिसर में 115 पौधे रोपित किए गए। प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव ने बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में एक दो पेड़ जरूर लगाने चाहिए। प्रवक्ता रणवीर कुमार सिंह परमार ने कहा कि पेड़ पौधो से हमारा जीवन सुरक्षित है। डॉ अमरेंद्र सिंह, एसएन यादव, रामप्रकाश आर्य, आदि ने छात्रों के साथ मिलकर पौध रोपण किया।



कालेज में पौधारोपण करते शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

### मां गायत्री आर्य कन्या महाविद्यालय में किया पौधरोपण

**जलेसर, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत मां गायत्री आर्य कन्या महाविद्यालय में वृहद वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक कृष्ण गोपाल गुप्ता ने छात्राओं से आवाहन किया कि वह पेड़ लगाकर अपना कार्य समाप्त न समझें। पेड़ की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी आपकी है। शिक्षा के साथ-साथ इन पेड़ों की सुरक्षा भी आपको करनी होगी, तभी इस महायज्ञ में आपकी आहुति पूर्ण होगी। प्राचार्य सचिन वर्मा, सुमन गुप्ता, सुनीता गुप्ता आदि मौजूद थे।



पौधरोपण करते महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं।

# अधिकारियों ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी




ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता अवागढ़

- एसएचजी समूहों को रिवॉल्विंग फंड के बारे में भी बताया

**अमृत विचारः** क्षेत्र की ग्राम पंचायत पोंडरी में शुक्रवार को संपूर्णता अभियान का आयोजन किया गया। बीडीओ मोहम्मद जाकिर और सीएम एबीपी फेलो, नीति आयोग आराधना यादव ने जानकारी दी।

इसके अलावा ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया गया जहां बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और ओडीएफ प्लस, संचारी रोग, सरकारी योजनाओं के लाभ और उच्च रक्तचाप और मधुमेह से संबंधित स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र पर एनसीडी स्क्रीनिंग के बारे में चर्चा की। एडीओ कृषि ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग और बाजरे के बीज के फायदे के बारे में बताया। इसके अलावा बीएमएम एनआरएलएम ने एसएचजी समूहों को रिवॉल्विंग फंड के बारे में भी बताया। पंचायत सचिव नम्रता यादव ने प्रखंड स्तर पर सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में बताया।

# घाट पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश

संवाददाता, सोरों जी

- डीएम, एसपी ने कांवड़ मेले के दृष्टिगत लहरा गंगा घाट का किया निरीक्षण

**अमृत विचारः** शुक्रवार को डीएम, एसपी ने कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत सोरों के लहरा घाट का निरीक्षण किया। घाट पर सीसीटीवी कैमरे और साउंड व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई। पालिका को 24 घंटे में व्यवस्थाओ को पूरा करने के निर्देश दिए।

लहरा गंगाघाट पर कांवड़ में जल लेने के लिए शिवभक्तो की भीड़ उमड़ती है। यह मेला एक माह तक चलता है। शुक्रवार को जिलाधिकारी मेधा रुपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक व्यवस्थाओ को देखने के लिए लहरा गंगा घाट पर पहुंची। घाट पर सीसीटीवी कैमरे और साउंड की व्यवस्था न दिखाई देने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने पालिका प्रशासन को निर्देशित किया कि 24 घंटे के अंदर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर लें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाओ में कमी न रहने के निर्देश दिए। सोरों से लेकर लहरा घाट तक प्रतिदिन मार्ग की विशेष सफाई और चूना का छिडकाव करने के निर्देश पालिका को दिए हैं।



लहरा घाट का निरीक्षण करतीं डीएम मेधा रूपम, एसपी अर्पणा रजत कौशिक।

## रोजगार मेले में 24 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**एटा, अमृत विचारः** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, एटा एवं पुष्पा देवी गर्ल्स डिग्री कालेज, एटा के सौजन्य से आज दिनांक 19 जुलाई 2024 को रोजगार मेला आयोजित किया गया जिसमें 49 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें से 24 अभ्यर्थियों का विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयन किया गया। रोजगार मेले में तीन कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एलआईसी में 10 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 7 अभ्यर्थियों का, फ्रीडम एम्पलोएबिलिटी एकेडमी कम्पनी में 21 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 10 अभ्यर्थियों का, टाइम्स प्रो० कम्पनी में 18 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 7 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

# किसानों को योजनाओं का मिले शतप्रतिशत लाभ

कार्यालय संवाददाता, कासगंज




कलेक्ट्रेट में अधिनस्थों को दिशा निर्देश देतीं डीएम मेधा रूपम। ● अमृत विचार

- डीएम ने किसान दिवस पर सुनीं किसानों की समस्याएं, समाधान के निर्देश
- फसल बीमा न कराने की सूचना बैंक शाखा को एक सप्ताह पहले दें किसान

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैंकर्स बैठक एवं किसान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का पात्र किसानों को शत प्रतिशत लाभ दिया जाए। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुन निराकरण कराने को कहा।

जिलाधिकारी मेधा रुपम ने कहा कि यदि कोई केसीसी धारक कृषक अपना फसल बीमा नहीं कराना चाहते हैं, तो अन्तिम तिथि से एक सप्ताह पूर्व बैंक शाखा को लिखित रूप से आधार कार्ड सहित अवश्य अवगत करायें, अन्यथा बैंक द्वारा उनके खाते से फसल बीमा की प्रीमियम काट ली जायेगी। उन्होंने कृषकों की समस्या एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। उन्होंने सभी सम्बन्धितों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक कृषकों का बीमा करायें ताकि दैवीय आपदा में होने वाले नुकसान में बचा जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसान दिवस में सभी ममम्याओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक द्वारा ऋृणी एवं गैरऋृणी कृपकों में अधिक से अधिक बीमा कराने की अपील की।

बैठक में लीड बैंक मैनेजर, जिला कृषि अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, केवी के वैज्ञानिक तथा सम्बन्धित बैंकों के प्रबन्धक उपस्थित रहे।

# तीन दिन में विद्युत व्यवस्था न सुधरी तो होगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भाकियू ने तहसील पटियाली में किया प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र नायब तहसीलदार को सौंपा

**अमृत विचार :** पटियाली क्षेत्र की विद्युत अव्यवस्था को लेकर भारतीय किसान यूनियन भारत के कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने तहसील पटियाली पर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर विद्युत व्यवस्था सुधारे जाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के अंदर मांग पूरी न हुई तो किसान यूनियन सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिमल सिंह ने कहा कि तहसील क्षेत्र के बीनपुर फीडर से किसानों को समय से विद्युत आपूर्ति नहीं मिल रही है। नया ट्रांसफार्मर लग जाने के बावजूद उसे चालू नहीं कराया गया है जिससे परेशानी बढ़ गई है। कई बार उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन व्यवस्था नहीं सुधर रही है। धान की फसल की रोपाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि यदि तीन के दिन के अंदर बीनपुर फीडर से विद्युत आपूर्ति व्यवस्थित नहीं की गई तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होगा। किसान यूनियन बदायूं-मैनपुरी हाइवे को जाम करेगी। सुनील कुमार, सलमान, बृजपाल, अवनीश कुमार, राजू, महीपाल, राजेश, उमेश, अजीत सिंह मौजूद रहे।



नायब तहसीलदार मुकेश कुमार को ज्ञापन देते भाकियू भारत के पदाधिकारी।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का प्रयास

**एटा, अमृत विचारः** भुवनेश देवी निवासी नगला गुमानी रजावली फिरोजाबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी निधौलीकलां के गांव गादुरी निवासी अंकित पुत्र सत्यपाल सिंह के साथ हुई थी। शादी में दिए दानदहेज से वर पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। अतिरिक्त दहेज में की मांग करने लगे। इसके लिए पीड़िता का शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न किया गया। मायके वालों ने समझाया लेकिन वे लोग नहीं माने। आरोप है कि ससुरालीजनों ने कमरे में बंद कर गले में दुपट्टा डालकर हत्या करने का प्रयास किया। जेठ द्वारा अश्लील हरकतें की। वहीं बागवाला थाना क्षेत्र के गांव मानिकपुर निवासी कप्तान सिंह पुत्र होतीलाल ने बताया कि पुत्री नंदी की शादी जमालपुर निवासी विवेक पुत्र प्रेमचन्द्र से की थी। शादी में दिए गए दानदहेज से असंतुष्ट ससुरालीजनों द्वारा नंदनी की उत्पीड़न किया गया। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

# एसएसपी ने त्योहारों पर पुलिस को किया अलर्ट

संवाददाता, एटा

- पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण, दंगा नियंत्रण उपकरणों का कराया अभ्यास

**अमृत विचारः** नवागत एसएसपी शुक्रवार की परेड के उपरांत आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत दंगा नियंत्रण उपकरणों को चलाने का अभ्यास करा आपातकालीन स्थिति से निपटने के गुर बताए। पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं देखीं। चिकित्सालय, पुलिस वर्दी स्टोर, पुलिस कैंटीन, भोजनालय, आरओ वाटर प्लांट तथा बैरक आदि का निरीक्षण कर उचित साफ सफाई हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह द्वारा पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण कर सभी पुलिसकर्मियों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये। साथ ही आधुनिक वेपन्स (हथियारों) के संचालन तथा रखरखाव के बारे में भी जानकारी देते हुए दंगा नियंत्रण के बारे में जवानों को बताया। साथ ही मौजूद पुलिस कर्मियों को आधुनिक हथियारों तथा दंगा रोधी यंत्र, एंटी राइट गन, टियर गैस गन चलाने के बारे में बताया। परेड के उपरान्त एसएसपी द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वर्दी स्टोर, चिकित्सालय, भोजनालय, आरओ वाटर प्लांट, बैरक, पुलिस कैंटीन आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक एटा धनंजय सिंह कुशवाहा, समस्त क्षेत्राधिकारी, शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण, डायल 112 के कर्मचारीगण, क्यूआरटी तथा प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




मीटिंग हॉल से निकलते एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह।

## नौ गैरहाजिर अधिकारियों व कर्मचारियों का वेतन रोका, जवाब तलब

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर विमल कुमार ने शुक्रवार को प्रातः 10 बजे खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय कार्यालय में मात्र एक कर्मचारी राजकिशोर, औषधि अनुसेवक कार्यालय में उपस्थित मिले । चमनलाल, अभिहित अधिकारी, कमलेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार, औषधि निरीक्षक, अरूण कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, गजेन्द्र सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दिनेश कुमार भारती, खाद्य सुरक्षा अधिकारी करतार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रामवीर सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दीपक कुमार गौतम, कनिष्ठ सहायक अनुपस्थित मिले। डीएम ने अनुपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन आहरण पर रोक लगाई है, साथ ही तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शकील पुत्र स्वर्गीय हनीफ तथा शकील की पत्नी श्रीमती समीना एवं मेरी पुत्रियों शमशीरा उर्फ गुड़िया पत्नी इकरार उर्फ गुड्डु निवासी सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर व बेबी पत्नी जलील निवासी पठान टोला सहसवान, के अनुचित व्यवहार एवं बार-बार मेरे साथ मारपीट करने और मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के कारण उनसे अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं और उन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन या किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए ना तो मेरी कोई जिम्मेदारी होगी न ही मेरा इन लोगों से कोई सरोकार होगा न ही ये सभी लोग मेरी किसी चल-अचल संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा ठोक सकते है। **अनवरी पत्नी स्वर्गीय हनीफ निवासी मोहल्ला नसरुल्लागंज कस्बा सहसवान जिला बदायूँ।**

**सूचना**

मैं जुल्फिकार अली पुत्र श्री इफ्तिखार अली मेरा मकान जोकि पिंक सिटी पीलीभीत में स्थित है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 24.04.2008 को बही सं. 1 जिल्द सं. 3616 पृष्ठ सं. 343 से 376 पर क्रमांक 3285 रजिस्ट्रीकृत किया गया जो कि सब रजिस्ट्रार साहब पीलीभीत में हुई थी जिसकी ओरिजिनल रजिस्ट्री कहीं गिर कर खो गई है जिस किसी को मिले वो वापस कर दे। मो. 9917007797

**माता वैष्णो शैल्यावाला हरिप्रकाश इंटर कॉलेज**
रघुनाथपुर-खंडहर, जलालाबाद, शाहजहांपुर

**आवश्यकता है**

**प्रधानाचार्य**

प्राइमरी सेक्शन 01 पद
इंटर कॉलेज 01 पद

**सहायक अध्यापक 01 पद**

हेतु गृह विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, इंग्लिश, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा समस्त कागजात सहित दिनांक 28.07.2024 तक निम्न मेल पर भेजें

mvsh30may2015@gmail.com

तथा साक्षात्कार तिथि 30-07-2024 है साक्षात्कार में आने हेतु कोई भत्ता देय नहीं होगा।

**प्रबंधक-विकास कुमार सक्सेना**

संपर्क : 9411424246

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# अभिनंदन समारोह में कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के उपरांत प्रदेश में चल रहे मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत मां विद्या देवी गार्डन में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, विधायक संजीव दिवाकर, जिला अध्यक्ष संदीप जैन ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा विपरीत परिस्थितियों में भी भाजपा कार्यकर्ता बूथ पर खड़े रहे। आगरा लोकसभा सीट की जलेसर विधानसभा पर भी जीत का परचम लहराया। ये सम्मान के योग्य है। सम्मान होना ही चाहिए। जिला अध्यक्ष संदीप जैन ने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि मतभेद तो आपस में होते रहते हैं मनभेद नहीं होना चाहिए। कार्यकर्ता मजबूती से संगठित होकर काम करें और 2027 के चुनावो के लिए कार्य करें। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने किया।

इस दौरान डीसीबी के अध्यक्ष प्रत्येंद्र पाल सिंह, विधानसभा संयोजक रमेश पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पम्मी ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष शैलेश गौतम, सचिन उपाध्याय, पूर्व विधायक कुबेर सिंह अगरिया, पूर्व विधायक मिथलेश अगरिया, नगर मंडल अध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय, पालिका अध्यक्ष गौरी वर्मा, अशोक यादव, अवागढ़ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्यपाल सिंह यादव, सकरौली मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधीर गौतम, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष केशव राणा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता, रामजीलाल राजपूत, अनिल कुमार सिंह बना, दिलीप वार्ष्णेय सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।




मंचासीन केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, विधायक संजीव दिवाकर एवं अन्य। ● अमृत विचार

## थर्मल पॉवर प्लांट से चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**एटा, अमृत विचारः** थर्मल पॉवर प्लांट की कालोनी में घुसकर चोरों द्वारा कमरों से चोरी कर ली गई। चोर चार मोबाइल फोन और 90 हजार रुपये चोरी कर ले गए।

यह चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस चोर की तलाश कर रही है। थाना मलावन क्षेत्र के थर्मल पॉवर प्लांट के पास कर्मचारियों के रहने के लिए कॉलोनी बनी हुई है। गुरुवार की रात को कालौनी में एक युवक घुस गया। युवक ने चार कमरों से चोरी कर ली। इसमें चोर चार मोबाइल फोन और करीब 90 हजार रुपये चोरी कर ले गया। सुबह होने पर कर्मचारियों को पता चल सका। सीसीटीवी चेक किए गए। एक युवक अंदर आता हुआ दिखाई दे रहा है। चोरी करने के बाद चला गया। पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

### चोरी की बाइक व नगदी सहित एक गिरफ्तार

**सिढपुरा।** थाना क्षेत्र में 18 जुलाई को गांव भूपाल गढी निवासी रक्षपाल सिंह का नगदी से भरा थैला चुराए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी गजेंद्र निवासी ग्राम बंधल थाना पिलुआ जिला एटा को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि आरोपी ने पुलिस की पूछतांछ में अपना जुर्म स्वीकार किया है। आरोपी के कब्जे से 24 हजार 624 रुपए की नकदी के अलावा चोरी की एक बाइक बरामद हुई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**कासगंज।** सोरों मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की शाम सड़क पार कर रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार मकसूद निवासी सहावर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

### पीआरडी जवान से मारपीट, तहरीर दी

**एटा।** कोतवाली नगर में पीआरडी जवान सईयद मोहम्मद नौसेर अली ने राघव मिश्रा पुत्र प्रभाशंकर मिश्रा निवासी गली नं. 2 नारायण नगर एटा समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि 18 जुलाई को आगरा रोड स्थित रश्मि लोक तिराहा के पास मारपीटकर सरकारी कार्य में बाधा डाली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हत्या के इरादे से चलाई गोली

**अलीगंज।** कोतवाली में अचल पुत्र सुनील निवासी तिसौली ने राहुल पुत्र किशनलाल समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अचल ने बताया कि 16 जुलाई को राहुल अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर पहुँच गया। पीड़ित व उसके परिजनों के साथ घर में घुसकर मारपीट हत्या के इरादे से गोली चलाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति मे मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।


## संपादकीय

# रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्टेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं, जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेज से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाईश या जरूरत नहीं। इण्टरर्ल्युकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टर्ल्युकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरर्ल्युकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरर्ल्युकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

> मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकार्ड्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया, लेकिन इन रिकार्ड्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है, लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकैस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है, जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

## प्रसंगवश

# पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था, लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते, हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी, जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे, वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी, जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

# चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

> प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी, लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं, उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है, प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती, लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए, लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा, लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है, ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

## सोशल फोरम

# शिक्षा का उद्देश्य

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं, जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं, जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं, जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।

> विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है, उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है, जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। **-फेसबुक वॉल से**

# जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा, ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है, खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे, जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए? प्राथमिकताआओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं, जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैतरेबाजी में लगे हुए हैं।

# धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने, अधिकांश ने, उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है, उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं, जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है, यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ.भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख, सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है, जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है, जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया, लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं, शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया, जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

## एक नजर

### 22 को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

एटा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश ने बताया कि शासन के निर्देश के अनुपालन में माह के तृतीय शनिवार 20 जुलाई को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अब 22 जुलाई सोमवार को प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक किया जाएगा। डीएम प्रेम रंजन सिंह अलीगंज तहसील में, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी तहसील एटा सदर में, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश तहसील जलेसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे। समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण तहसील अलीगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे।

### जलेसर में एसडीओ ने बदलवाए जर्जर तार

जलेसर। नगर में विद्युत विभाग के एसडीओ गुलशन किशोर के कडे दिशा-निर्देश के बाद कटरा चुंगी शेरगंज बडा बाजार सहित आठ मुहल्लों की जर्जर केबल को बदलवाया गया। सुबह 7 बजे से 4 बजे तक बिजली गुल रही, कार्य चलने के चलते एक फीडर को बंद कर दिया था।

### मारपीट में कई लोग घायल, एफआईआर

एटा। अवागढ़ थाने में यादराम पुत्र जगन्नाथ सिंह निवासी खुसरई ने सौदान सिंह पुत्र सुभाष समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 जुलाई को उसको घेरकर मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। दूसरी ओर मिरहची थाने में जमुनादेवी पत्नी धर्मेन्द्र सिंह निवासी नगला श्याम ने योगेन्द्र पुत्र राजेन्द्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपितों द्वारा मारपीटकर धमकी दी है। इधर जलेसर के गांव नगला बंजारा हसनगढ निवासी ओमकार सिंह पुत्र करन सिंह का कहना है कि गांव के निवासी उदयवीर सिंह समेत पांच लोगों द्वारा पीड़ित व परिजनों के साथ मारपीट की और धमकी दी है।

### तीन लड़कियों को भगाने का आरोप, केस दर्ज

अलीगंज। थाना में एक महिला ने अंशुल यादव पुत्र बॉबी यादव निवासी नगला चंदन थाना जसरथपुर के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को अंशुल बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस जांच कर रही है। दूसरी ओर अलीगंज की एक महिला का आरोप है कि मोहल्ला छेदालाल गौड निवासी युवक उसकी 15 वर्षीय बेटी को भगाकर ले गया। कोतवाली नगर में एक महिला ने मामला दर्ज कराया कि देवा पुत्र महीपाल सिंह निवासी हिंदू नगर समेत दो लोग उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गए।

### कांवड़ यात्रा के लिए हटाया गया अतिक्रमण

एटा। कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर से अतिक्रमण हटना शुरू कर दिया। फुटपाथ को पूरी तरह से खाली कराया जा रहा है। इससे आते जाते समय किसी को कोई परेशानी न हो सके। शुक्रवार की सुबह नगर पालिका के ईओ वेदप्रिय आर्य, सीओ सिटी विक्रांत द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौक पर पहुंच गए। यहां से रेलवे रोड, जीटी पर सड़क किनारे खड़े होने वाले हथठेल के अलावा अतिक्रमण करने वालों को हटाया गया। कुछ लोगों ने अपना अतिक्रम खुद हटा लिया तो कुछ का अधिकारियों ने जेसीबी से हटवाया।

# 50 हजार रिश्वत लेते करगैना चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

- मुकदमे से आरोपी के मामा का नाम निकालने के लिए मांगे थे एक लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली


धर्मेंद्र देशवाल।

अमृत विचार : थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने कार से टक्कर मारकर हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में शिकायतकर्ता के मामा का नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। धर्मेंद्र देशवाल के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना कोतवाली क्षेत्र के जीजीआईसी रोड निवासी आदर्श कुमार और उसके मामा विजय पाठक हत्या की कोशिश के मामले जेल गए थे। आदर्श जमानत पर बाहर आ गया। उसका मामा ठेकेदारी करता था। चौकी इंचार्ज ने आदर्श से उसके मामा का मुकदमे से नाम निकालने और धाराएं हल्की करने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी। दो किस्त में रुपये देना तय हुआ। आदर्श ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन के सीओ यशपाल सिंह से इसकी शिकायत की। आदर्श शुक्रवार को चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल के पास 50 हजार रुपये लेकर करगैना चौकी पहुंचे, तभी टीम ने चौकी इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया।

> मुकदमे से नाम निकालने और धाराएं हल्की करने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत ले रहे करगैना चौकी इंचार्ज को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। -**यशपाल सिंह, सीओ,** भ्रष्टाचार निवारण संगठन

### चौकी इंचार्ज की जेब से मिले दो लाख 25 हजार

बरेली, अमृत विचार : चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल की जेब से दो लाख 25 हजार रुपये मिले हैं। इसके बारे में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। कुछ दिनों पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना सुभाषनगर का निरीक्षण किया था। उन्होंने चौकी इंचार्ज के पास 40 विवेचनाएं लंबित होने पर चेतावनी दी थी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने शुक्रवार को जब चौकी इंचार्ज को दबोचा तो उसकी जेब से दो लाख 25 हजार रुपये बरामद हुए। इस तरह से चौकी इंचार्ज के पास से दो लाख 75 हजार रुपये बरामद हुए। टीम ने दो लाख 25 हजार रुपये के बारे में पूछा तो संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इससे पहले भी चौकी इंचार्ज का कई विवादों में नाम सामने आया था। उसके पास क्षेत्र के कई दलाल लगातार संपर्क में रहते थे, जो उसकी मुकदमों में सेटिंग कराते थे।

## सपा नेता के घर में घुसे छह अज्ञात लोगों ने ली तलाशी

जलेसर, अमृत विचारः जलेसर के मोहल्ला हथोड़ा में पूर्व सपा नगर अध्यक्ष अब्दुल कलाम अंसारी के घर में कुछ लोग घुस गए एवं तलाशी लेने लगे। कहा सुनी हुई तो कार में बैठकर भाग गए। पूर्व सपा नेता ने शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को भेजा।

अब्दुल कलाम अंसारी ने बताया कि प्रातः काल 9 बजे के करीब वह अपने घर में दूसरी मंजिल पर बैठे थे। इसी दौरान बोलेरो में सवार होकर आए छह लोगों नीचे की मंजिल पर तलाशी लेने लगे। स्कॉर्पियो खड़ी थी उसका लॉक खोलकर देखने लगे। खटपट की आवाज सुनकर वह नीचे आए तो वे सकपका गए। उनसे कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम चलता था। उस दौरान हमारा मोबाइल रह गया उसी को खोजने आए हैं। अब्दुल कला ने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम दो साल पहले बंद हो गया। अब आप मोबाइल देखने आए हैं। दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। इसी दौरान अन्य लोग एकत्रित हो गए तो वे धमकी देकर बोलेरो में बैठकर भाग गए।

# ट्रायल फील्ड में परीक्षा देने के बाद ही जारी होंगे ड्राइविंग लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचारः लंबे समय से दलालों की मिलीभगत से ड्राइविंग लाइसेंस जारी हो रहे हैं। मनमाने ढंग से सड़कों पर वाहन दौड़ाकर अप्रशिक्षित चालक हादसों अंजाम दे रहे हैं। इस पर अंकुश लगने वाला है। उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस तब जारी हो सकेगा जब वे वाहन चलाने के मानकों पर पूरी तरह खरे उतर सकेंगे। इसके लिए एटा में ट्रायल फील्ड कानिर्माण हो रहा है। इस पर उन्हें टेस्ट देना होगा और संबंधित अधिकारी की प्रगति रिपोर्ट एवं सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के बाद ही वाहन चालक को लाइसेंस जारी हो सकेगा।

ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए वाहन चालकों को ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक से गुजरना होगा। टेस्ट के लिए बनने वाले ट्रैक का नाम टेस्ट ड्राइविंग ट्रैक रखा गया है। इस पर परीक्षा के लिए संबंधित अधिकारी रहेंगे। उसी के आधार पर परिणाम घोषित हो जाएगा। इसके बनने के बाद कुशल चालक ही ड्राइविंग लाइसेंस पा सकेंगे। निर्माणाधीन ट्रैक इसी वर्ष तैयार होने की पूरी संभावना है। इस पर टेस्ट देते ही लाल व हरी बत्ती चालक को बता देगी आप पास हैं या फेल। ट्रैक के पास कंट्रोल रूम होगा, जो परीक्षा दे रहे वाहन चालक पर नजर रखेगा। इतना ही नहीं यह पूरी तरह से आनलाइन भी होगा। यानी एक क्लिक पर वाहन चालक की सारी गलतियां भी पता चल जाएंगी।


कासगंज एआरटीओ ऑफिस। ● अमृत विचार

> ड्राइविंग ट्रैक का निर्माण एटा में किया जा चुका है। इसी साल ट्रैक पूरी तरह से तैयार हो सकता है। नियमों की जागरुकता और ड्राइविंग स्किल सुधरने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। - **आरपी मिश्रा,** एआरटीओ

### कैमरे की निगरानी में होगा सबकुछ

ट्रैक पर यदि चालक सही तरीके से वाहन चलाता है और यातायात नियमों की जानकारी रखने में पास हो जाता है, तो ही उसे लाइसेंस जारी किया जाएगा। ट्रैक पर बेहतर गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। जांच के लिए ट्रैक पर स्पीड ब्रेकर, स्लोप, जेबरा लाइन, ट्रैफिक लाइट भी होंगी। इनकी निगरानी के लिए यहां सेंसर लगाए जाएंगे। इसमें पास या फेल हो जाता है तो इसके लिए उसे वीडियो रिकॉर्डिंग दिखाने के साथ उसकी सीडी भी सौंपी जाएगी। इससे उसे यह पता चलेगा कि उसने कहां पर कौन सी गलती की थी।


कस्बे में फ्लैग मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

## पुलिस ने कुंवरगांव में फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

कुंवर गांव, अमृत विचारः शुक्रवार को थाना पुलिस ने आने वाले पर्वो को लेकर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कस्बे में फ्लैग मार्च कर नगर वासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने नगर में होली चौक,मैन मार्केट तथा सर्राफा बाजार ,बैंकों समेत नगर में गश्त कर नगर वासियों को सुरक्षा का भरोसा दिया। इस दौरान थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह, एसआई इंतजार हुसैन ,मलखान सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते विधायक राजीव कुमार सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता ,दातागंज

अमृत विचार : भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह ने रामगंगा की बाढ़ से प्रभावित इलाकों के 1470 परिवारों को बाढ़ से घिरे होने पर आवश्यक वस्तुओं की राहत सामिग्री के पैकेट तहसील प्रशासन के साथ वितरित किए । बाढ़ से सर्वाधिक दो दर्जन गांव प्रभावित थे । रामगंगा का जल स्तर घटने के बाद एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ,सीओ के के तिवारी अन्य तहसील कर्मियों के साथ विधायक राजीव कुमार सिंह से गांव अकट कटकौरा, कुढ़रा मझरा लाल पुर खादर के 1470 परिवारों को राहत सामिग्री के पैकेट वितरित किये ।साथ ही टूटी एवं क्षतिग्रस्त्र सड़कों की मरम्मत शुरू करा दी गयी है। विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि मैं एवं मेरा परिवार बाढ़ पीड़तो के साथ खड़ा है ।उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जायेगी । उन्होंने एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह को निर्देश दिये ।कि बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाएं।

## बिजली का सामान कबाड़ी पर बेचने पहुंचा ट्रैक्टर चालक

सहसवान, अमृत विचार : नगर में खंभों पर केवल डालने का कार्य काफी समय से किया जा रहा है। खंभों से हटाए गए सामान को चालक ट्रैक्टर में भरकर बेचने को नगर के मोहल्ला मोहद्दीनपुर में एक कबाड़ी के यहां पहुंच गया ।जैसे ही कबाड़ी ने समान तोलना शुरू किया भारी तादाद में भीड़ लग गई। किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विद्युत सामान से भरा हुआ ट्रैक्टर ट्रॉली कब्जे में लेकर थाना कोतवाली पहुंचा दी। जहां मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। इसी बीच कोतवाली पुलिस तथा ठेकेदार के इस बाबत उपखंड अधिकारी सहसवान विद्युत से बात करने का प्रयास किया गया तो संपर्क नहीं हो सका मामले की जानकारी विद्युत अधिकारियों को दे दी गई है।


बिजली के जर्जर सामान से भरी ट्रैक्टर ट्राली। ● अमृत विचार

## कांग्रेस कार्यकर्ता 2117 बूथों पर करेंगे वृक्षारोपण



बदायूं, अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी द्वारा जनपद के सभी 2117 बूथों पर वृक्षारोपण करेगा। जिसका शुभारंभ करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह एवं शहर कांग्रेस कमेटी के असरार अहमद द्वारा ब्लॉक कादरचौक के बारा चिर्रा के न्याय पंचायत में पौधा लगाया। इनके अलावा कुशल पाल सिंह ने ग्राम सिरसा, लोकपाल सिंह द्वारा ब्लाक बिसौली के ग्राम परसिया में वृक्षारोपण किया गया। उझानी में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश पांडे द्वारा बी एल ए रविंदर सिंह के साथ ग्राम मलिकपुर में वृक्षारोपण किया गया। पार्टी के जिला अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी जनपद के सभी 2117 बूथों पर राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे लगागी।

# राशन वितरण में धांधली, दिया ज्ञापन

संवाददाता, सहसवान

अमृत विचार : राशन वितरण में धांधली को लेकर भारतीय किसान यूनियन स्वराज द्वारा तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को विज्ञान सौपा। जिसमें उन्होंने कोटेदारों पर कई आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

भाकियू पदाधिकारियों का कहना था कि गरीब पात्र व्यक्ति राशन कार्ड के बनवाने के लिए भटक रहे हैं। लेकिन उनके राशन कार्ड नहीं बनाई जा रहे हैं। अपात्रों के कार्ड बना दिए जाते हैं। डीलरों द्वारा राशन भी पूरा नहीं दिया जा रहा है। जमकर घट तोली की जा रही है। पूरे यूनिटों का राशन भी उपभोक्ता तक नहीं पहुंचता। किसान यूनियन चेतावनी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि शीघ्र गरीबों के राशन कार्ड बनवाए जाएं और घटतौली को बंद कराया जाए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा इस मौके पर जिलाध्यक्ष इंतजार अली , महासचिव मजाहिर अली, तहसील अध्यक्ष शकील मलिक, प्रभारी सुभान खान, आलम खान, गुड्डू खान , समरोज खान, बिलाल खान, नजर मोहम्मद, सहित मौजूद रहे।


राशन वितरण में धांधली को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता।

## ट्रैक्टर बेचकर घर में रखे रुपये चोरों ने उड़ाए

- पीड़ित किसान की पत्नी ने की एक चोर की पहचान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : थाना अलापुर क्षेत्र के गांव अठर्रा कुनिया में चोरों ने किसान के घर को निशाना बनाया। किसान के ट्रैक्टर बेचकर घर पर रखे सवा सात लाख रुपये समेत दस लाख की चोरी कर ली। सुबह जाग होने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी राजीव और उनका पूरा परिवार गुरुवार रात खाना खाकर सो गया था। रात में किसी समय चोर उनके घर में घुस आए। कमरे में बक्से का ताला तोड़ दिया। नगदी, सोने-चांदी के आभूषण आदि चोरी करके ले गए। शुक्रवार सुबह चोरी की जानकारी हुई। राजीव ने बताया कि उन्होंने प्लाट खरीदने के लिए अपना ट्रैक्टर बेचा था। जिसके सवा सात लाख रुपये घर पर रखे थे। इसके अलावा पहले से ही 80 हजार रुपये और रखे थे।

उन्होंने बताया कि चोरी करने के बाद चोर जा रहे थे तो उनकी पत्नी ने चोर को देखा था। उसे पहचान लिया है। इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## बैंक प्रबंधक ने विद्यार्थियों को दी बैंकिंग की जानकारी



बिल्सी, अमृत विचार : कस्बा स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को बैंक प्रबंधक ने वित्तीय साक्षरता और बैंकिंग अनिवार्यताओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी। बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक यशवंत सिंह आर्य ने बच्चों के साथ बैंकों के कामकाज, बचत खाते को बनाए रखने के महत्व और प्रबंधन व्यक्ति के मूल सिद्धांतों को साझा किया। डायरेक्टर वीपी ने कहा कि सेमिनार आयोजित करना एक बौद्धिक समझ को बढ़ाने में सहायक होता है। इस मौके पर एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, अतुल सिंह चौहान, धर्मपाल, सौदान सिंह आदि मौजूद रहे।

# बिजली घर के सामने डाला पत्थर, रास्ता बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में बिजली घर की हो रही मरम्मत
- मलेरिया व यूनानी दवाखाना तक नहीं पहुंच सके मरीज

अमृत विचार : जिला अस्पताल के बिजली घर की मरम्मत का कार्य चल रहा है। बिजली घर में फर्श बनाने को कई ट्रक पत्थर लाया गया है, जो बिजली घर के मुख्य गेट पर डाल दिया गया है। जिससे यूनानी दवाखाना और मलेरिया विभाग का रास्ता बंद हो गया है। शुक्रवार को यूनानी दवा लेने को पहुंचे मरीज रास्ता न होने के कारण वापस लौट गए। इसी तरह मलेरिया कर्मचारियों को भी कार्यालय तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं मिला। वह लोग भी वापस लौट गए।

बता दें कि बिजली घर में मई माह में घास में आग लग गई थी, जिससे आग तारों और केबल तक पहुंच गई। आग लगने से बिजली घर में भारी नुकसान हुआ था। कई दिनों तक जिला अस्पताल की विद्युत आपूर्ति ठप रही। बिजली घर का निरीक्षण किया गया, जिसमें करीब दस लाख की क्षति का आकलन किया गया। जिला अस्पताल प्रशासन ने उच्चाधिकारियों को बिजली घर की मरम्मत का प्रपोजल भेजा और धन की मांग की। इस पर शासन स्तर से अस्पताल के बिजली घर को नौ लाख 97 हजार रुपए स्वीकृत हुए। उक्त धनराशि स्वीकृत होने के बाद अब बिजली घर में सबसे पहले फर्श बनाया जा रहा है इसके लिए कई दिनों से मिट्टी डाली जा रही थी। गुरुवार की रात नौ बजे ठेकेदार ने बिजली घर के सामने कई ट्रक पत्थर लाकर डाल दिया।

शुक्रवार को सुबह नौ बजे जब मलेरिया विभाग और यूनानी अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी आए तो पत्थर पड़ा देखा। पत्थर डालने से वह लोग अपने कार्यालयों तक नहीं पहुंच सके। लिहाजा अपने वाहन काफी दूर खड़े करने के बाद इधर उधर से किसी तरह कार्यालय तक पहुंच गये। लेकिन यूनानी दवाखाना आने वाले मरीज रास्ता नहीं होने के कारण वापस लौट गए। इन दिनों बुखार और टाइफाइड के मरीज अधिक आ रहे हैं और यूनानी दवा ले रहे हैं जिससे यूनानी दवाखाने में भीड़ लगी रहती है। यूनानी चिकित्सक अफजल हुसैन ने बताया कि पत्थर पड़ा होने से वह खुद किसी तरह दवाखाना तक पहुंचे। रास्ता बंद होने से एक भी मरीज नहीं आया। अस्पताल प्रशासन को यह समस्या खुद देखनी चाहिए। वहीं ठेकेदार ने कहा कि दो दिन के अंदर पत्थर अंदर डाल दिया जाएगा और रास्ता भी खुल जाएगा।


जिला अस्पताल में बिजली घर गेट पर पड़ा पत्थर। ● अमृत विचार

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली उझानी क्षेत्र के कस्बा कछला की पुलिस चौकी के सामने पैदल जा रहे युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। युवक के शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कोई जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। युवक नीले-सफेद रंग की हाफ शट और काले रंग का लोअर पहना है।

### नव नियुक्त दस लेखपालों को तहसीलदार ने बांटा कार्य क्षेत्र

सहसवान, अमृत विचार : शासन से मिले नवनियुक्त 15 लेखपालों मैं 10 लेखपालों तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को अपना जॉइनिंग पत्र सौंप कर जॉइनिंग ले ली वहीं पांच नव नियुक्त लेखपालों ने अपनी जोइनिंग पत्र तहसीलदार को नहीं सौपे हैं जॉइनिंग किए गए 10 लेखपालों को तहसीलदार ने लेखपाल कार्य क्षेत्र आवंटित करते हुए उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं नव नियुक्त लेखपालों ने आवंटित लेखपाल क्षेत्र पर अपना कार्यभार ग्रहण करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचकर कार्य प्रारंभ कर दिया।

### बाइक गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल

उघैती, अमृत विचार : अचानक से अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई। जिसके बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। एक बाइक पर तीन लोग गांव के लिए जा रहे थे कि रास्ते में टिटौली के नजदीक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। घायल हरिओम पुत्र मुलायम सिंह ने बताया कि वह अपने साथी राम अवतार पुत्र मुलायम सिंह, मोहन सिंह निवासी थाना जुनावई संभल रिश्तेदारी से वापस घर के लिए जा रहे थे। गांव टिटौली के नजदीक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी को बिल्सी सीएससी पर भेज दिया।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण

संवाददाता, सहसवान

अमृत विचार : जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ तहसील सहसवान के ग्राम भमरौलिया, वीर सहाय नगला, नगला बरन, तौफी नगला, खागी नगला का निरीक्षण किया। डीएम ने ग्रामवासियों से वार्ता कर उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके साथ है, ग्राम वासियों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों के साथ गंगा महाबा तटबंध का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी जनहानि व पशु हानि नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने वीरसहाय नगला मजरा में सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से कराए गए कार्यों में स्पर आदि का कार्य को देखा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामवासियों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। ग्राम वासियों से कहा कि उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी, शासन व प्रशासन उनके साथ है। उन्होंने उप जिलाधिकारी से कहा कि वह प्रभावित क्षेत्र का समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को समय से कराना सुनिश्चित करें।

उप जिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बाढ़ चौकियां क्रियाशील हैं। ग्रामवासियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड उमेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में दौरा करतीं जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

# चौधरी चरण सिंह विवि के पूर्व कुलपति और उनके ट्रस्ट की 3.21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने की कार्रवाई, बरेली और बदायूं में भी है संपत्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ के पूर्व कुलपति रामपाल सिंह और उनके आरपी सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की 3.21 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां संस्थागत भूमि और दो मंजिला आवासीय भवन के रूप में हैं, जो बदायूं और बरेली जिलों में स्थित हैं। ईडी ने डॉ. रामपाल सिंह और अन्य के खिलाफ उप्र. सतर्कता, मेरठ सेक्टर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

उप्र. सरकार के सतर्कता विभाग ने डॉ. रामपाल सिंह के खिलाफ



स्वतंत्र जांच की थी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके आधार पर उन्हें 2003 से 2005 की अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। सीपीएमटी प्रवेश परीक्षा-2004 के आयोजन में अनियमितता, सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के आरोप लगे थे। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन पर विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। ईडी की जांच से पता चला है कि डॉ. रामपाल सिंह ने सीसीएस यूनिवर्सिटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहे, विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन किया, जिससे सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया और अपराध अवधि के दौरान कई संपत्तियां अर्जित की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां अपराध अवधि के दौरान और उसके तुरंत बाद अर्जित की गई हैं, जिसका कुल मूल्य 3.21 करोड़ है।

### सीसीएसयू के कुलपति पद से बर्खास्त हुए थे आरपी सिंह

सीसीएसयू में 2 मार्च 2003 को प्रो. आरपी सिंह ने कुलपति बने थे। कैंपस में वैसे तो तमाम कुलपतियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, लेकिन प्रो. आरपी सिंह के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था। तमाम शिकायतें राजभवन से लेकर राष्ट्रपति तक पहुंचीं तो जांच शुरू हुई थी। उच्च स्तरीय जांच में प्रो. आरपी सिंह द्वारा करोड़ों रुपये की घूस लेकर डेढ़ सौ से ज्यादा बीएड एवं दूसरे सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों को गलत तरह से मान्यता देने की बात सामने आई। आरपी सिंह के कार्यकाल में भवनों के ठेकों में भारी घपले हुए। नियुक्तियों में अनियमितताएं हुईं। सीपीएमटी की प्रवेश परीक्षा में अपने चहेते शिक्षक प्रो. हरेंद्र सिंह बालियान को एडवांस में एक करोड़ 40 लाख रुपये का पेमेंट करा दिया गया।

# गोंडा रेल हादसा: बोगी के नीचे मिला चौथे रेलयात्री का शव

संवाददाता, मनकापुर

● 800 कर्मचारी कर रहे ट्रैक की मरम्मत का काम, रातभर चला रेस्क्यू अभियान



**अमृत विचार:** चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक मेंटेनेंस का काम तेज गति से किया जा रहा है। इस काम के लिए रेलवे के 800 कर्मचारी लगाए गए हैं। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर समेत विभाग की आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। वहीं शुक्रवार को क्षतिग्रस्त बोगी को हटाए जाने के बाद उसके नीचे दबा हुआ शव बरामद किया गया। इसके साथ ही इस हादसे में करने वाले वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

रेलवे ट्रैक के आसपास पड़ी बोगियों को जेसीबी के सहारे हटा दिया गया है और ट्रैक की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। चंडीगढ़ से आसाम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार दोपहर 2:40 बजे गोरखपुर गोंडा रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप डिरेल हो गई थी। हादसे में ट्रेन के एसी कोच के दो डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए थे, जबकि 10 अन्य कोच भी ट्रैक से नीचे उतर गए थे। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं।

### रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे हादसे की जांच

**लखनऊ।** गोंडा-गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के बीच बीते गुरुवार को चंडीगढ-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच 21 जुलाई से शुरू होगी। रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) प्रणजीव सक्सेना दोनों स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर हुए इस हादसे की जांच करेंगे।

## सार-संक्षेप

### सपा विधायक रफीक की जमानत याचिकाएं स्वीकार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मारपीट, तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में जेल में बंद मेरठ से सपा विधायक रफीक अंसारी को बड़ी राहत देते हुए उनकी जमानत याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है। विधायक को वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाने और वर्ष 2007 में सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामलों में जमानत मिली है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने पारित किया है। मामले के अनुसार वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाना अंतर्गत मीट की दुकानों को लेकर अंसारी और कुरैशी बिरादरी के बीच आगजनी और तोड़फोड़ हुई थी, जिसमें विधायक सहित 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पटरी के कटने से आधा दर्जन ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल में भारी बारिश और पटरी के कटने के कारण पीलीभीत-मैलानी के बीच यातायात निलंबित कर दिया गया है। इस कारण ट्रेनें जो परिवर्तित रेल मार्ग सीतापुर-पीलीभीत-बरेली सिटी-रामगंगा पुल मार्ग से होकर चलाई जानी थीं, ये ट्रेनें अब पुन: परिवर्तित रेल मार्ग बुढ़वल-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं मार्ग से होकर चलाई जाएंगी।

### महिला विद्युतकर्मी की उसके सहयोगी ने की हत्या

**बागपत, एजेंसी :** बागपत में बिजली घर में एक अनुबंधित महिला कर्मी की उसी के साथ काम करने वाले एक युवक ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार जान गंवाने वाली महिला की पहचान तिलवाड़ा की शोभा (35) के रूप में हुई है। शोभा बिजली विभाग में काम करने के साथ ही छपरौली में स्वयं सहायता समूह की भी सदस्य थी। पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम घटना उस समय हुई, जब आरोपी युवक अंकुर महिला को उसके घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान सुनसान रास्ते पर उसने गाड़ी रोकी तथा महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शोभा के पति कुलदीप की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अंकुर एवं दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है तथा इस घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में लगी आग, दो चालक जिंदा जले

**हमीरपुर, अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे पर कानपुर सागर टू-लेन हाईवे पर गुरुवार रात करीब 11.50 बजे दो ट्रकों की आपस में टक्कर होने से आग लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस भीषण हादसे में दोनों ट्रकों के चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। अन्य घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे के पास कबरई से कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी भरे ट्रक में सामने से आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। कबरई से कानपुर जा रहे ट्रक के चालक नीरज गुप्ता निवासी इटर्रा घाटमपुर जनपद कानपुर नगर और दूसरे ट्रक के अज्ञात चालक की ट्रक के अंदर फंसने से जिंदा जलकर मौत हो गई। अभी इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### नए मेडिकल कॉलेजों की अपील पर वर्चुअल सुनवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने के लिए 13 नये मेडिकल कॉलेजों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की गई दोबारा अपील पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दूसरी अपील पर शुक्रवार को शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रधानाचार्यों ने 2020 के मानक अनुसार उपलब्ध मानकों का हवाला दिया, मगर एनएमसी ने कोई परिणाम नहीं दिए है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि हर जिला, एक मेडिकल कॉलेज की योजनातंर्गत पिछले साल शुरू होने वाले 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने की योजना थी। इसके लिए गत सितंबर माह में कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने अपने अपने कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में आवेदन किया था।

## सोनम चिश्ती का किन्नर कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सोनम चिश्ती (किन्नर) ने हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपेक्षित परिणाम न मिलने से आहत होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। राज्यपाल को लिखे पत्र में सोनम चिश्ती ने कहा है, "मैं सोनम चिश्ती उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) किन्नर कल्याण बोर्ड (उत्तर प्रदेश) लोकसभा चुनाव में भाजपा के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आए परिणाम-प्रदर्शन से आहत होकर हार की जिम्मेदारी लेती हूं।"

# कांवड़ मार्ग में लिखना होगा दुकान संचालकों का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● सरकार ने लिया फैसला, अफसरों को लागू करने के निर्देश




**अमृत विचार :** पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों को अपना नाम व पहचान बतानी होगी। दुकानों पर अपना नाम लिखना होगा। राज्य सरकार ने कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए यह फैसला लिया गया है।

शासन के सूत्रों के अनुसार 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। मुख्यमंत्री ने शिविर संचालकों का सत्यापन करा लेने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि बैठक के बाद शासन के अधिकारियों की ओर से कावड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों के नाम लिखे जाने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिया गया। निर्देश के तहत यात्रा मार्ग पर हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन-अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे समेत सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने व उन्हें शक के दायरे में लाने की है। उन्होंने कहा कि जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा।

### पुलिस का आदेश बिगाड़ सकता है माहौल: मायावती

बसपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों का नाम लिखने का मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान गलत परंपरा है। यह सौहार्दपूर्ण माहौल को बिगाड़ सकता है। जनहित में प्रदेश सरकार को इस आदेश को तत्काल वापस लेना चाहिए। बसपा प्रमुख ने कहा कि पश्चिमी यूपी व मुजफ्फरनगर के कांवड़ यात्रा रूट में पड़ने वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश गलत परंपरा है।

## न्यायविद हनुमान मंदिर मामले की स्थिति रिपोर्ट तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने न्यायविद हनुमान मंदिर के लिए हो रहे अवैध निर्माण को गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता ने बताया कि आपत्तिजनक निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है और मलबे को हटाने में एक सप्ताह का समय लगेगा। इस संबंध में की गई कार्यवाही के विषय में स्थिति रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख पर दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। मामले की सुनवाई दो जजों की पीठ ने की।

## भाजपा विधायक ने पार्टी कार्यकर्ता पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया

**गोरखपुर, एजेंसी।** कैंपियरगंज से भाजपा विधायक फतेह बहादुर सिंह ने आरोप लगाया है कि पार्टी कार्यकर्ता राजीव रंजन चौधरी की साजिश के कारण उनकी जान को खतरा है। फतेह बहादुर सिंह ने दावा किया कि चौधरी ने उन्हें जान से मारने के लिए पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के बेटे और सातवीं बार के विधायक फतेह बहादुर सिंह (54) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सुरक्षा मांगी है। इसके विपरीत राजीव रंजन ने भी दावा किया है कि विधायक से उनकी जान को खतरा है। राजीव रंजन चौधरी भाजपा जिला पंचायत सदस्य सरोज देवी का बेटा है।

● फतेह बहादुर सिंह ने गृहमंत्री शाह और सीएम योगी को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा



## कीटनाशक बीज खाने से चार मोर सहित छह पक्षियों की मौत

**फिरोजाबाद, एजेंसी।** शिकोहाबाद में किसान फसलों को सुरक्षित करने के लिए उन्हें कीटनाशक में डुबो कर खेत में बो रहे हैं। ऐसे बीज पक्षियों की बेवजह मौत का कारण बन रहे हैं। जिले के थाना शिकोहाबाद के नागला पोहपी रोड पर शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने खेत में चार राष्ट्रीय पक्षी मोर और दो तीतर मृत पड़े देखे, जिसकी सूचना उन्होंने थाना पुलिस को दी।

## पॉक्सो: जांच से पहले पीड़िता की आयु निर्धारण रिपोर्ट तैयार करना जरूरी: कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो से जुड़े मामलों में पीड़िता की आयु में होने वाली गड़बड़ियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और जांच अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में जांच शुरू करने से पहले पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा तैयार कर ली जाए।

कोर्ट के समक्ष यह प्रश्न था कि पॉक्सो अधिनियम के अपराधों की जांच करते समय पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने का पुलिस का कानूनी दायित्व क्या है। इस पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पॉक्सो मामलों में पीड़िता की चिकित्सा आयु निर्धारण रिपोर्ट को पूरा महत्व देना चाहिए। पीड़िता की आयु से संबंधित अन्य सभी दस्तावेजों की भी जांच करनी चाहिए।

# धान की पौध के साथ डूब गया किसानों का प्रीमियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाढ़ और ज्यादा बारिश वाले जिलों में धान की पौध ज्यादातर बर्बाद हो गई है। अब फसल का समय निकलता देख किसान दोबारा पौध लगाकर रोपाई नहीं कर पाएंगे। नुकसान निचली सतह वाले खेतों पर जलमग्न होने से हुआ है। इस वजह से 40 फीसद ही रोपाई हो पाई है और असफल बोआई के हालात बन गए हैं।

असफल बोआई पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 25 प्रतिशत क्षतिपूर्ति मिलती है, लेकिन



● बीमा के लिए बैंकें समय से पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई विवरण

इससे भी आपदा प्रभावित किसान वंचित होते दिख रहे हैं। क्योंकि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड से धान का प्रीमियम तो समय पर काट लिया, पर फसल बीमित करने के लिए ज्यादातर का केंद्र के पोर्टल पर विवरण फीड नहीं किया। नुकसान होने पर किसानों ने दावा किया तो सर्वे में यह लापरवाही सामने आई। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि बैंकें फीडिंग कर रही हैं। नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

### पौध का नहीं होता बीमा, फसल के नाम गया प्रीमियम

धान की पौध का बीमा नहीं होता है, न ही किसी तरह का दावा बनता है। खेतों पर रोपाई होने पर फसल का बीमा मान्य होता है। ऐसी स्थिति में जिन जिलों में पौध नष्ट हुई, वहां किसानों को कुछ नहीं मिलेगा। जबकि फसल का प्रीमियम उनके खातों से कट चुका और फसल होनी नहीं है। पौध करीब एक माह में तैयार होती है और 15 अगस्त के बाद धान की रोपाई नहीं होती है।

### इन जिलों 120 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

बलरामपुर, कासगंज, मुरादाबाद, बरेली, एटा, औरैया, बदायूं, बस्ती, बहराइच, महाराजगंज, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर, रामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, फर्रुखाबाद, बाराबंकी।

## चुनावी रंजिश में युवक की ली जान

**परसपुर(गोंडा)।** नगर निकाय के चुनाव की रंजिश में शुक्रवार को परसपुर कस्बे में दबंगों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई। परसपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह ने नगर निकाय के चुनाव में सभासद का चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में वह प्रतिद्वंद्वी उदयभान सिंह उर्फ लल्लन से हार गए थे। इसी रंजिश को लेकर शुक्रवार की दोपहर उज्जैन उदयभान ने अपने कई सहयोगियों के साथ ओमप्रकाश के घर पर धावा बोल दिया था।

## वर्ग पहेली-136

**बाएं से दाएं**

1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

**ऊपर से नीचे**

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | | | | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | | ■ | 6 | ■ |
| ■ | | ■ | 7 | | |

### वर्ग पहेली -135 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ट् | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 नि |
| 3 क | व | ल | 4 न | ■ | ग |
| ड़ा | ■ | ■ | भ | ■ | ह |
| ■ | ■ | 5 अ | च | क | ■ |
| 6 ख़ा | स | क | र | ■ | 7 द |
| विं | ■ | ड़ | ■ | ■ | शां |
| द | ■ | फ़ों | ■ | 8 बा | ग |

## सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 9 | | | | |
| 3 | | 6 | | | | | 8 | |
| | 4 | | 2 | | | 5 | | 1 |
| | 5 | | 3 | | 1 | 8 | 7 | |
| 8 | | 2 | | | | 1 | | 6 |
| | 9 | 1 | 5 | | 8 | | 4 | |
| 1 | | 9 | | | 4 | | 3 | |
| | 7 | | | | | 6 | | 8 |
| | | | | 5 | 9 | | | |

### सुडोकू -48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17.59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** – आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन** – आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें, इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

**कर्क** – आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

**सिंह** – आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

**कन्या** – आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

**वृश्चिक** – आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।


**धनु** – आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।

**कुंभ** – आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**मीन** – आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

## आज की फिल्में

**एतराज**
दोपहर : 12.11

**वेलकम बैक**
शाम : 06.41

**बागी**
सुबह : 10.53

**गदर 2**
रात : 07.30

**लाइट्स आउट**
सुबह : 07.29

**स्पाइडर मैन**
रात : 06.16

**हम साथ साथ हैं**
दोपहर : 01.37

**स्पाइडर**
शाम : 05.18

**मोहब्बत**
सुबह : 09.20

**ओएमजी**
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर- कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू- ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की- कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी- शाहजहां जितना
लड़की- तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी- जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।

# 2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल



नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

### 100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

## सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

## एथनेज और हॉज ने वेस्टइंडीज को शुरुआती झटकों से उबारा



**नॉटिघम, एजेंसी**

एलेक एथनेज और केवम हॉज के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन चाय के विश्राम तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 212 रन बनाए।

एथनेज 65 और हॉज 58 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों ने तब जिम्मेदारी संभाली जब वेस्टइंडीज ने तीन विकेट 84 रन पर गंवा दिए थे। एथनेज और हॉज चौथे विकेट के लिए अभी तक 128 रन जोड़ चुके थे। वेस्टइंडीज की टीम अब इंग्लैंड से 204 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी पारी की शुरुआत की। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (48) और मिकाइल लुइस (21) ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े, लेकिन वेस्टइंडीज में 31 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। इनमें से दो विकेट स्पिनर शोएब बशीर ने लिए। उन्होंने लुईस को आउट करने के बाद उनकी जगह लेने के लिए उतरे कर्क मैकेंजी (11) को भी पवेलियन भेजा। गस एटकिंसन ने ब्रेथवेट को अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया।

## खेल डायरी

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुरू हुआ पंजीकरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़ रुपये) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ओपन 10के के अलावा सभी दौड़ यहां के जवाहरलाल स्टेडियम से शुरू होकर इसी स्थल पर खत्म होंगी।

### स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

**चेन्नई।** भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजेन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12,11-5,11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1,11-1,11-4 से हराया।

### ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

**ज्यूरिख।** फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है।

### नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**बस्ताड (स्वीडन)।** रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था । वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

## पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला

PARIS 2024 | ओलंपिक 6 दिन शेष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।



भारतीय फुटबॉल टीम

### 1956 मेलबर्न

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन युगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

### 1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।



मिल्खा सिंह



भारतीय हॉकी टीम

### 1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।



पीटी उषा

### 1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गई।

### 2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत: सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112.5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रही।



लिएंडर पेस और महेश भूपति

### 2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।



जॉयदीप करमाकर

### 2016 रियो

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी ह्रादेका और रादेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।



दीपा करमाकर

### 2020 तोक्यो

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।



महिला हॉकी टीम

## बॉलीवुड हलचल

### स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

### फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।



# शैफाली-स्मृति की बल्लेबाजी से थर्राया पाकिस्तान

**महिला एशिया कप**

- पहले मुकाबले में सात विकेट से जीती भारतीय महिला टीम
- शैफाली ने 40 और मंधाना ने खेली 45 रनों की शानदार पारी

**दांबुला, एजेंसी**

शैफाली वर्मा (40) और स्मृति मांधना (45) के बीच 85 रन की फटाफट पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से आसानी से धो दिया।

टॉस जीत कर पहले खेलते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 19.2 ओवर में 108 पर आउट हो गयी। जवाब में भारत ने विजय लक्ष्य को 35 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दीप्ति शर्मा (20 रन पर तीन विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट), श्रेयांका पाटिल (14 रन पर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (31 रन पर दो विकेट) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को बांध कर रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए, नतीजन पाकिस्तान की टीम को अपने स्कोर को तीन अंको तक ले जाने में भी पसीना बहाना पड़ा।

दूसरी ओर विस्फोटक शैफाली वर्मा ने क्रीज पर पांव जमाते ही पाकिस्तानी गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दूसरे छोर पर उन्हे स्मृति का भरपूर साथ मिला। दोनो बल्लेबाजों ने करीब नौ रन के औसत से रन बटोरे। उनका अंदाज देख कर लग रहा था कि भारत विजय लक्ष्य को 11वें ओवर में ही हासिल कर लेगा लेकिन इस बीच सैयादा अरुब शाह ((9 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में एक के बाद एक कर सलामी बल्लेबाजों को चलता किया लेकिन भारत की जीत उस समय तक पक्की हो चुकी थी।



पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

### नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

**दांबुला।** सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा ने 19 देकर तीन विकेट लिए। एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए विस्फोट में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों ने स्थानीय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि विस्फोटक उपकरण को मोटरसाइकिल पर रखा गया था और रिमोट नियंत्रित उपकरण की मदद से विस्फोट किया गया था।

### रूस में चार लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर गायब

**मॉस्को।** रूस के सखा रिपब्लिक (याकूतिया) के चागदा गांव से 80 किमी (50 मील) दूर एक रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर गायब हो गया है, जिसमें एक पायलट सहित तीन यात्री सवार थे। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, रॉबिन्सन विमान का इकोस्पास आपातकालीन बीकन आज रात चागदा गांव से 80 किलोमीटर दूर बंद हो गया। विमान में तीन यात्री और एक पायलट सवार था।

### चीन ने नए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से एक नये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। गाओफेन-11 05 उपग्रह को लॉन्ग मार्च-4बी वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और इसने सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश किया। इसका उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

### उत्तरी चिली में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**सैंटियागो (चिली)।** अर्जेंटीना की सीमा के पास उत्तरी चिली में गुरुवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप चिली के समयानुसार रात नौ बजकर 51 मिनट पर 117 किलोमीटर गहराई में आया। इसका केंद्र चिली के सैन पेड्रो डी अटाकामा से 45 किलोमीटर (28 मील) दक्षिण-पूर्व में था।

### एक और प्रमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने सामरिक मिसाइल बल के एक और प्रमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की घोषणा की है। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने बताया कि पहले भी इस बल के शीर्ष अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों और जांच के घेरे में आए थे। इससे पहले पूर्व रक्षामंत्री जनरल ली शांगफु और 2022 में बल के कमांडर का कार्यभार संभालने वाले उनके उत्तराधिकारी जनरल ली युचाओ को भ्रष्टाचार के आरोपों की वजह से बर्खास्त कर दिया गया था।

# अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

वाशिंगटन, एजेंसी



• अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में गुरुवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे। पटेल ने कहा, यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर उसके प्रभाव के संदर्भ में, हम भारत समेत अपने सभी साझेदारों से अनुरोध करते हैं।

## इसरो प्रमुख को पीएचडी की उपाधि

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के परिसर में शुक्रवार आयोजित 61वें दीक्षांत समारोह में भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी और कुल 2,636 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रों को (संयुक्त और दोहरी डिग्रियां सहित) 3,016 डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल छात्रों को 444 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) को सम्मानित किया गया, जिनमें पीएचडी, विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त डिग्री पीएचडी और दोहरी डिग्री पीएचडी शामिल हैं। आईआईटी-मद्रास द्वारा विज्ञप्ति में कहा गया है कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ब्रायन के. कोबिल्का थे।

# पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

### 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2.55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20.76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24.14 करोड़ हो गई। आंकड़े दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।

### मुसलमानों की हिस्सेदारी

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई।

### अन्य धर्मों की स्थिति

- हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है।
- ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। कुल जनसंख्या में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 प्रतिशत हो गई है।
- अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई। उनके समुदाय की आबादी 2017 के 1,91,737 (कुल आबादी का 0.09 प्रतिशत) से 29,053 कम होकर 162,684 (कुल आबादी का 0.07 प्रतिशत) रह गई।
- आंकड़ों के अनुसार सिख समुदाय की जनसंख्या 15,998 और पारसी समुदाय की 2,348 थी।

# एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान

## क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनियाभर में शुक्रवार को एक बड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण कामकाज पर असर पड़ा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट रद होने से यात्री हलकान रहे। वहीं कई फ्लाइटों का समय भी बदला गया।

### कब शुरू हुई परेशानी


गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी। जिन कम्प्यूटर्स पर यह अपडेट गया, वे सब क्रैश होते चले गए। इन्हीं कंप्यूटर्स पर एयरलाइंस की बुकिंग और चेक इन सर्विस आधारित है। लिहाजा ये तमाम सर्विसेस बंद पड़ गईं।

### सबसे बड़ी चुनौती

क्राउडस्ट्राइक अपडेट के असर से कंप्यूटर क्रैश हो गए हैं। यानी या तो कंप्यूटर सिस्टम बंद हैं या अचानक रीस्टार्ट का मैसेज दे रहे हैं। ऐसे में क्राउडस्ट्राइक के सामने रिमोट एक्सेस के जरिए सिस्टम को सुधारना बड़ी चुनौती है, क्योंकि क्रैश हो रहे कंप्यूटर पर सुधार किया हुआ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल होना मुश्किल होगा। अगर इस काम को मैनुअली किया जाता है, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा और तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

### कंपनी ने अपडेट हटाया

एंटीवायरस में अपडेट की वजह से कंप्यूटर ठप होने का पता चलने के बाद क्राउडस्ट्राइक कंपनी ने इस अपडेट को अपनी वेबसाइट से हटा लिया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन कंप्यूटर्स पर इसका अपडेट इंस्टॉल हो चुका था, उन्हें कैसे रीस्टोर किया जाएगा। जिससे भविष्य में इस प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।




वैश्विक आउटेज के बीच माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम में दिखाई गई ब्लू स्क्रीन त्रुटि दिखाता स्क्रीनशॉट। • एजेंसी

### क्या आ रही परेशानी

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है।

### भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत की खबर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए फिलहाल राहत की खबर है। बीएसई और एनएसई इस तकनीकी खराबी से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीएल आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है।

## भारत के साथ संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए : तोबगे

**थिम्पू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विश्वास और लाभ पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए। मिसरी अपने समकक्ष पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कार्यभार संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। इस दौरान तोबगे ने मिसरी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

# अलकायदा का सदस्य अमीन उल हक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी



• पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने की कार्रवाई

पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलकायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मारे गये आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी और वह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

# रूस में फंसे यात्रियों के लिए राहत उड़ान भेजी

मुंबई, एजेंसी

• एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए दूतावास की टीम क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद

एयर इंडिया ने अपनी दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को उड़ान के यात्रियों को ले जाने के लिए मुंबई से एक राहत उड़ान रवाना की है। ये यात्री गुरुवार से रूस के क्रास्नोयार्स्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केजेए) पर फंसे हुए हैं। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने एजेंसी से कहा कि राहत विमान एआई 1179 यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोपहर 12.52 बजे रवाना हुआ और रूसी शहर क्रास्नोयार्स्क स्थित हवाई अड्डे पर स्थानीय समय अनुसार रात आठ बजे पहुंचने की संभावना है।

एयरलाइन ने कहा कि रूसी हवाई अड्डे पर यात्रियों और कर्मचारियों को सहायता प्रदान करने के लिए चालक दल और सुरक्षा कर्मियों सहित एयर इंडिया की एक टीम राहत उड़ान में मौजूद है। एयरलाइन ने एक्स पर कहा कि राहत उड़ान के लिए उसे नियामकीय मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय दूतावास ने कहा, दूतावास की टीम तीन वरिष्ठ अधिकारियों और दुभाषिया एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद है।

# 50 भारतीय छोड़ना चाहते हैं रूसी सशस्त्र बल

नयी दिल्ली, एजेंसी

• मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया : रणधीर जायसवाल

रूस के सशस्त्र बलों में कार्यरत भारतीयों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत और रूस काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ और नौ जुलाई की दो दिवसीय मॉस्को यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें लगभग 50 भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी है जो वर्तमान में रूसी सशस्त्र बलों की नौकरी छोड़ना चाहते हैं।

प्रवक्ता ने अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ये ऐसे मामले हैं जिनमें व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्यों ने उनकी सेवा की यथाशीघ्र समाप्ति सुनिश्चित करने में सहायता के लिए हमसे संपर्क किया है। जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया रूस यात्रा के दौरान इस मामले को उठाया था। रूसी पक्ष ने हमारे अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

दोनों पक्ष भारतीय नागरिकों को शीघ्र सेवामुक्त करने के लिए काम कर रहे हैं। पिछले महीने विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रूस की सेना में कार्यरत भारतीय नागरिकों का मुद्दा अत्यंत चिंता का विषय बना हुआ है और इस पर रूस से कार्रवाई की मांग की गई थी। भारत ने 11 जून को बताया था कि रूस की सेना में भर्ती हुए दो भारतीय नागरिक हाल ही में यूक्रेन के साथ युद्ध में मारे गए हैं।

## इजराइली हवाई हमलों में 13 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में दो घरों पर इजराइल की ओर से की गयी बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली बमबारी में दो घर नष्ट हो गए और आसपास के घरों को काफी नुकसान पहुंचा। चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि इजरायल ने सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने दक्षिणी इजराइली सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था, जिसके कारण 1200 लोग मारे गए थे।

# बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं, आंसू गैस छोड़ी

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, साथ ही राजधानी ढाका में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। ये विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए अहम चुनौती हैं। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की घटना के एक दिन पहले भी काफी हिंसा हुई थी जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी।



आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसक प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

### बांग्लादेश से 245 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश में जारी छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को ढाका का आंतरिक मामला करार दिया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि 15,000 भारतीयों की सुरक्षा को लेकर स्थिति पर नजर रख रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग वहां रह रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से शुक्रवार रात आठ बजे तक 245 भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए, जिसमें से 125 छात्र हैं। सूत्रों ने बताया कि भारतीय उच्चायोग ने नेपाल के 13 छात्रों की सुरक्षित वापस के लिए भी मदद की।

## अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के मामले में 16 साल कारावास

**येकातेरिनबर्ग।** रूस की एक अदालत ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के मामले में दोषी ठहराते हुए 16 साल के कारावास की सजा सुनाई। देश की राजनीतिक प्रभाव वाली कानूनी प्रणाली में त्वरित मुकदमे के तहत गेर्शकोविच को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। गेर्शकोविच (32) को मार्च 2023 में यूराल पर्वतीय शहर येकातेरिनबर्ग की रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था और उन पर अमेरिका के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। वह तभी से सलाखों के पीछे हैं। शीतयुद्ध के चरम पर होने के दौरान 1986 में निकोलस डेनिलॉफ की गिरफ्तारी के बाद गेर्शकोविच जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए पहले अमेरिकी पत्रकार हैं।

**खगोल विज्ञान** | पृथ्वी के निकटवर्ती वस्तुओं के निर्माण में काले धूमकेतुओं की 60 प्रतिशत भूमिका

# नए शोध में काले धूमकेतुओं से पृथ्वी में जल पहुंचने के प्रबल संकेत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पृथ्वी पर जल की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पाई है। मगर नए शोध में काले धूमकेतुओं से जल पृथ्वी में पहुंचने के प्रबल संकेत मिलते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय ने यह खुलासा किया है। धरती पर जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पानी आया कहां से ? इस स्रोत का आज तक पता नहीं लग सका है। यह धारणा दशकों से रही है कि पृथ्वी पर पानी का एकमात्र स्रोत धूमकेतु ही हो सकता है। मगर इसके ठोस सबूत आजतक नहीं मिले हैं।

मगर नया शोध बताता है कि पृथ्वी के निकट की 60 प्रतिशत वस्तुएं काले धूमकेतु हो सकती हैं। काले धूमकेतु रहस्यमय क्षुद्रग्रह हैं जो हमारे सौर मंडल में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। उनमें संभवतः या पहले बर्फ मौजूद थी और वे पृथ्वी पर पानी पहुंचाने का एक मार्ग हो सकते थे। विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति व मंगल के बीच सौर मंडल में अधिकांश चट्टानी क्षुद्रग्रह शामिल हैं । जिसकी उपसतह बर्फ की है। यहीं से पृथ्वी पर बर्फ पहुंचने का एक संभावित मार्ग नजर आता है। इस मार्ग से पूर्व में धूमकेतु पृथ्वी से टकराए होंगे और भरपूर पानी बर्फ के रूप में पृथ्वी तक पहुचा होगा।



काले धूमकेतु की तस्वीर।

### क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं के बीच अंतर

काले धूमकेतु क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं दोनों की विशेषताओं को मिलाते हैं। क्षुद्रग्रह बिना बर्फ वाले चट्टानी पिंड हैं, जो सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, आमतौर पर जिसे बर्फ रेखा कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि वे सूर्य के इतने करीब हैं कि क्षुद्रग्रह अपने साथ ले जा रही किसी भी बर्फ को वाष्पित कर सकता है। या फिर ठोस बर्फ से सीधे गैस में बदल सकता है।

### पुराणों मे भी है धूमकेतुओं का जिक्र

धूम का अर्थ धुआं और केतु का अर्थ पताका यानि आसमान में धुंए की पताका। धूमकेतु को पुछल्ल तारा भी कहा जाता है। अथर्वेद में धूमकेतु का जिक्र है, महाभारत के भीष्मपर्व में कहा गया है धूमकेतुर्महाघोर : पुष्य चाक्रमय तिष्यति महाभयंकर धूमकेतु जब पुष्य नक्षत्र के पार पहुँचेगा तब भीषण युद्ध आरंभ होगा। देश के बड़े ज्योतिषी ने बृहत्संहिता ग्रन्थ के केतुचार अध्याय में धूमकेतुओ के बाबत विस्तार से लिखा है और इसके शुभ फलों का ही जिक्र किया। वर्तमान समय में हम धूमकेतु के प्रकट होने के बाद उसके आकाश मार्ग व सूर्य के समीप पहुँचने की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ है। चीन में प्राचीन काल से ही धूमकेतुओं का लेखा-जोखा रखने की परंपरा रही है। वहां 613 ई.पू. से अब तक धूमकेतु के देखे जाने का विवरण मिलता है।

## फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति अवैध : आईसीजे

**हेग (नीदरलैंड्स)।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने कहा है कि फिलिस्तीनी कब्जे वाले क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति गैरकानूनी है और इसे समाप्त करने का आह्वान किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने शुक्रवार को जारी अपनी गैर-बाध्यकारी राय में कहा कि इजराइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में कब्जा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां कब्जा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। उसने कहा कि इस तरह की हरकतें कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजराइल की मौजूदगी को गैरकानूनी बनाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के निकाय ने कहा कि उसकी (इजराइल की) निरंतर मौजूदगी अवैध है।

# ब्रिटेन में पारिवारिक घटना को लेकर दंगे, आगजनी

लंदन, एजेंसी

• एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया

उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में दंगा भड़कने के दौरान पथराव और अव्यवस्था के बीच एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। स्थानीय परिषद ने इसे पारिवारिक घटना बताया है। लीड्स नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम रिओर्डन ने शुक्रवार को बीबीसी को बताया, अब स्थिति शांत हो गई है। हमने पहले ही घटनास्थल पर सफाई का काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने गुरुवार रात को दंगे भड़कने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, दिन के पूर्वार्द्ध में एक पारिवारिक घटना हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय के लोग चिंतित थे और इसी कारण पुलिस तथा हमारे अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।

जब बच्चे खतरे में होते हैं तो हम हमेशा वहां हस्तक्षेप करते हैं, जहां हमें जरूरत होती है। मैं कहूंगा कि यह एक ऐसी घटना थी, जिसका संभवतः गलत अर्थ निकाला गया। इससे पहले ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेटे कूपर ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह चौंकाने वाले दृश्यों और पुलिस वाहनों तथा सार्वजनिक परिवहन पर रात भर हुए हमलों से स्तब्ध हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लीड्स के हरेहिल्स क्षेत्र में पुलिस ने व्यापक तैनाती की थी।